तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

## संपूर्ण माह कर सकते हैं रूद्राभिषेक

रूद्राभिषेक भगवान शिव की सबसे प्रभावशाली पूजा विधियों में से एक मानी जाती है। मान्यता है कि रूद्राभिषेक करने या कराने से ग्रह दोष शांत होते हैं, जीवन की बाधाएं दूर होती हैं, मानसिक शांति मिलती है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूरे सावन माह में शिव का विशेष वास माना जाता है, इसलिए इस पूरे महीने किसी भी दिन रूद्राभिषेक कराया जा सकता है। हालांकि सावन सोमवार, सावन शिवरात्रि और प्रदोष व्रत की तिथियां विशेष रूप से शुभ मानी जाती हैं।

### इस वर्ष चार सावन सोमवार

- 3 अगस्त- प्रथम सावन सोमवार
- 10 अगस्त - द्वितीय सावन सोमवार एवं सोम प्रदोष व्रत
- 11 अगस्त - सावन शिवरात्रि
- 17 अगस्त -तृतीय सावन सोमवार एवं नाग पंचमी
- 24 अगस्त - चतुर्थ सावन सोमवार
- 25 अगस्त- सावन भौम प्रदोष व्रत
- 27 अगस्त- सावन पूर्णिमा

# चार शुभ संयोग में प्रारंभ होगा सावन, आयुष्मान व सौभाग्य योग संग श्रवण नक्षत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

इस साल सावन का शुभारंभ 30 जुलाई से हो रहा है। पंचांग के अनुसार, 29 जुलाई को रात 8 बजकर 5 मिनट से सावन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि शुरू हो रही है और 30 जुलाई को रात 9 बजकर 30 मिनट तक विद्यमान रहेगी। उदयातिथि के अनुसार, सावन कृष्ण प्रतिपदा 30 जुलाई को है। इस बार सावन माह की शुरुआत 4 शुभ संयोग में हो रही है। सावन के पहले दिन आयुष्मान योग, श्रवण नक्षत्र, सौभाग्य योग और गुरुवार व्रत है।



■ 29 जुलाई रात्रि 8 .05 से प्रारंभ होगी प्रतिपदा, उदया तिथि के आधार पर सावन 30 से, तृतीय सोमवार को नाग पंचमी

### आयुष्मान योग

सावन के पहले दिन प्रातःकाल में आयुष्मान योग बन रहा है, जो देर रात 12:05 ए एम तक बना रहेगा। आयुष्मान योग व्यक्ति को उत्तम सेहत, आयु प्रदान करता है। इस शुभ योग में आप शिव पूजा करेंगे तो आपको आरोग्य की प्राप्ति होगी।

### सौभाग्य योग

सावन कृष्ण प्रतिपदा तिथि में सौभाग्य योग भी बन रहा है, जो 30 जुलाई मध्यरात्रि पश्चात 31 जुलाई की रात्रि 12 बजकर 5 से लेकर देर रात 11 बजकर 54 मिनट तक रहेगा। यह योग सुख और भाग्य में वृद्धि करने वाला है।

### गुरुवार व्रत

सावन की शुरूआत गुरुवार दिन से हो रही है। गुरुवार के दिन व्रतधारी भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। सावन में प्रत्येक दिन शिव पूजन होता है। ऐसे में सावन के पहले दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा का उत्तम अवसर है।

### श्रवण नक्षत्र

सावन कृष्ण प्रतिपदा के दिन श्रवण नक्षत्र है। श्रवण नक्षत्र के स्वामी ग्रह चंद्रमा हैं, वहीं श्रवण नक्षत्र के देवता भगवान विष्णु हैं। यह नक्षत्र मकर राशि में स्थित होता है। ऐसे में इसमें चंद्रमा और शनि की ऊर्जा होती है।

## खबर संक्षेप

### 61 एसआई प्रमोशन पाकर बने टीआई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में पदोन्नति का इंतजार कर रहे 61 एसआई को टीआई बनाने बुधवार को आदेश जारी किया गया है। प्रमोशन पाने वाले सभी एसआई की योग्यता सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार, निर्धारित मानकों और विभागीय प्रक्रिया के तहत चयनित 61 सब इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी इस सूची के बाद प्रमोशन पाने वाले एसआई में खुशी है। पदोन्नति की आगामी प्रक्रिया विभागीय नियमों के अनुरूप पूरी की जाएगी। इसके बाद एसआई से टीआई के लिए चयनित पुलिस अफसरों का औपचारिक पदोन्नति आदेश जारी कर नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

### 64 टीआई का बस्तर ट्रांसफर

**रायपुर।** मैदानी क्षेत्र के अलग-अलग थानों में पदस्थ 64 टीआई का बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में स्थानांतरण किया गया है। जिन टीआई का स्थानांतरण किया गया है, उनकी बुधवार को स्थानांतरण सूची पुलिस मुख्यालय ने जारी कर दी है। जिन टीआई का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है, उनमें क्राइम ब्रांच में पदस्थ टीआई सचिन सिंह के साथ गुढ़ियारी थाना टीआई बीएल चंद्राकर, शिवेंद्र सिंह राजपूत सहित तीन अन्य टीआई के नाम शामिल हैं।

### बाइक चोर गिरफ्तार



**रायपुर।** पार्किंग से बाइक चोरी कर ले जाने वाले एक बाइक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो बाइक जब्त की है। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने मूलतः मध्यप्रदेश, रीवा निवासी निरमलेश तिलारी को अमलीडीह से गिरफ्तार किया है। सौरभ सिंह ठाकुर ने राजेंद्र नगर थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया था कि दो जुलाई को उसने अपनी बाइक अपने मकान के नीचे बनी पार्किंग में पार्क की थी। सुबह पार्किंग से बाइक गायब थी।

### प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस 2.0 के तहत जारी सूची के विरुद्ध मंगाई गई दावा-आपत्ति में कई शिकायतें

# जिनके आलीशान मकान, कई एकड़ जमीन, पीएम आवास में उनका भी नाम

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 योजना के तहत तैयार की गई सूची में कई अपात्र लोगों के नाम भी शामिल हो गए हैं। आवास मितान द्वारा किए गए सर्वेक्षण एवं ग्राम सभाएं आयोजित होने के बाद भी ऐसे कई हितग्राहियों के नाम सूची में शामिल हो गए हैं, जिनके परिवार के सदस्यों के नाम पर ऑलीशान मकान से लेकर कई एकड़ जमीन है। पात्र हितग्राहियों के नाम शामिल नहीं करने तथा अपात्रों को शामिल करने की शिकायतें लगभग चारों ब्लॉक क्षेत्र से दावा-आपत्ति के माध्यम से सामने भी आ रही हैं।

इन शिकायतों की जांच कर अपात्र लोगों के नाम भी हटाए जाने की बात भी कही जा रही है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर सूची में अपात्र लोगों के नाम जुड़ कैसे गए। इससे स्पष्ट है कि सूची बनाने में कहीं न कहीं बड़ी लापरवाही या गड़बड़ी हुई है। ▶▶|शेष पेज 11 पर

**केस 1**

ग्राम भानसोज की एक महिला का नाम सूची में शामिल है। बताया गया कि वह जिस परिवार में रहती है, उसके सदस्यों के नाम पर मकान एवं कई एकड़ जमीन है। यहां इसी तरह का एक और मामला भी सामने आया है।

**केस 2**

ग्राम रसनी में आवास मित्र की जिम्मेदारी जिसे दी गई है, उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर ही आलीशान मकान एवं कई एकड़ जमीन दर्ज है। इसके बाद भी उसने अपनी पत्नी के नाम को आवास प्लस 2.0 योजना का लाभ पाने के लिए सूची में शामिल करा लिया था। हालांकि इसकी शिकायत होने पर सूची से उनका नाम हटा दिया है।



### जियो टैगिंग के साथ सेल्फ सर्वेक्षण कर बनाई गई सूची

*आवास प्लस 2.0 का लाभ दिलाने के लिए हितग्राहियों का गांव-गांव में आवास मित्रों के माध्यम से जियो टैगिंग के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया है। कई गांव में ग्राम पंचायत ने स्वयं से भी सर्वेक्षण कर हितग्राहियों की सूची तैयार की है। सूची तैयार करने के बाद ग्राम पंचायतों में 24 जून को विशेष ग्रामसभा आयोजित कर सूची का भौतिक सत्यापन भी कराया गया है। बताया गया कि प्रत्येक ग्राम सभा में सूची को सार्वजनिक करते हुए उसमें शामिल प्रत्येक हितग्राही के नाम की जानकारी देते हुए ग्रामवासियों से दावा-आपत्तियां मंगाई गई है।*

### कई लोगों के नाम शामिल हैं

आरंग क्षेत्र में ग्राम भानसोज, रसनी सहित कई गांव में अपात्र लोगों के नाम सूची में शामिल हैं, जबकि कई पात्रों के नाम नहीं हैं। इससे स्पष्ट है कि जियो टैग सर्वेक्षण में कहीं न कहीं लापरवाही या गड़बड़ी हुई है।

**- वतन चंद्राकर, सदस्य, जिला पंचायत रायपुर**

### जांच कर नाम हटाए जा रहे

दावा-आपत्तियों के माध्यम से जिस-जिस ग्राम से अपात्र लोगों के नाम सूची में शामिल करने की शिकायत आ रही है, उनकी जांच कर नाम हटाए जा रहे हैं। पात्र हितग्राहियों को ही इस योजना का लाभ मिलना है।

**- कुमार बिश्वरंजन**, सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### जांच होनी चाहिए


जियो टैगिंग सर्वेक्षण में कई पात्रों के नाम छूट गए हैं, वहीं अपात्रों के नाम सूची में शामिल हो गए हैं। इसकी जांच होनी चाहिए, ताकि वास्तविक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके।

**- संदीप यदु**

उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर

# एमबीबीएस की 1430 सीट हो चुकी कन्फर्म, हरी झंडी की वेटिंग में नई 250 सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ पांच नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की हैं 50-50 सीटें

राज्य में एमबीबीएस की 1430 सीट एडमिशन के लिए कन्फर्म हो चुकी है और 250 सीटों को राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। खुलने वाले पांच नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों को 50-50 सीटों के साथ खोलने की तैयारी है। इन कालेजों को मान्यता देने के लिए एनएमसी की टीम निरीक्षण कर चुकी है और मौजूदा सुविधाओं के आधार पर अपना मंथन कर रही है।

तनावभरी स्थिति में नीट की परीक्षा दिलाने वालों को इसका परिणाम घोषित होने का इंतजार है। मेडिकल कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया अगस्त-सितंबर के बीच शुरू हो सकती है। वर्ष 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया में दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 1430 सीटों का शामिल होना पक्का हो चुका है। मसला खुलने वाले पांच नए चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित है, जिसे एनएमसी ने अभी मान्यता नहीं दी है। इन कालेजों को 50-50 सीटों के साथ खोलने की तैयारी है। अगर पांचों कालेजों को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद मान्यता देता है, तो राज्य में सीटों की संख्या बढ़कर 1680 हो जाएगी। ▶▶|शेष पेज 11 पर

### पांच निजी कालेज, एक की सीट रिनीवल

राज्य में पांच प्रायवेट मेडिकल कालेज भी संचालित है, इन कालेजों में एमबीबीएस की नौ सौ सीटें हैं। भारतीय चिकित्सा परिषद सौ सीट की क्षमता वाले कालेज की सीटों को रिनीवल कर चुकी है। जिन चार कालेजों को आने वाले दिनों में मान्यता मिलेगी उनमें दो मेडिकल कालेजों के पास ढाई-ढाई सौ सीटें हैं। राज्य में निजी और शासकीय मेडिकल कालेजों में पिछली बार कुल 2330 सीटें पर एडमिशन दिया गया था।

# रागी फसल प्रदर्शन में फर्जीवाड़ा, जिन किसानों को न बीज मिला न लगाई फसल, उनके नाम भी शामिल

**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत रायपुर जिले में रागी फसल प्रदर्शन के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर जिले के गोबरा नवापारा तहसील क्षेत्र में चना बीज घोटाला मामले के बाद अब रागी फसल प्रदर्शन में फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया है। रागी की फसल को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत जिले में पिछले वर्ष लगभग 157 हेक्टेयर में रागी की फसल उत्पादन किए जाने का दावा किया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई है। इस रिपोर्ट में 186 किसानों के नाम हैं, जिन्हें बीज वितरण कर उनके खेतों में रागी फसल लगाए जाने ▶▶|शेष पेज 11 पर

### दिशा समिति की बैठक में रिपोर्ट पेश

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में 6 जुलाई को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी दिशा समिति की बैठक हुई थी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में कृषि विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में रागी सहित अन्य फसलों को लेकर एक रिपोर्ट पेश की गई। इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत चयनित 186 किसानों को 157.8 हेक्टेयर में निःशुल्क रागी का बीज वितरण एवं फसल प्रदर्शन उत्पादन की जानकारी दी गई है। इस तरह रिपोर्ट में इस योजना के तहत 186 किसान को लाभांवित होना बताया है।

# मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा हटाने अभियान, 12 हजार का ई चालान

**रायपुर।** शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात सुगम बनाने पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर टीम प्रहरी अभियान चलाया जा रहा है। इसमें मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा कर ठेला गुमटी रखने और सड़क पर सामान रखकर यातायात बाधित करने वालों पर कड़ाई बरती जा रही है। बुधवार को नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में नगर निगम मुख्यालय उड़नदस्ता और जोन 6 नगर निवेश विभाग द्वारा यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में टिकरापारा पुजारी पार्क के पास मुख्य मार्ग पर अभियान चलाकर सड़क पर सामान रखने वाले 13 दुकानदारों का 12 हजार रुपए का ई चालान किया गया। अभियान चलाकर 6 ठेलों को हटाने एवं मार्ग को कब्जा मुक्त करने कार्रवाई की गई। नगर निगम जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव के मार्गदर्शन और कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता सागर ठाकुर की उपस्थिति में अवैध कब्जा हटाने अभियान चलाया गया।

■ टीम प्रहरी अभियान, 6 ठेले हटाए गए

# प्रदेश में फिलहाल स्थानीय प्रभाव का भरोसा, निकली धूप तो बढ़ेगी उमस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ छाए बादल बरसे नहीं, राजधानी का तापमान 32 डिग्री

बंगाल की खाड़ी में फिलहाल किसी तरह की हलचल नहीं है, इसलिए प्रदेश में बारिश स्थानीय सिस्टम के भरोसे हो गयी है। राजधानी में बुधवार को दिनभर काले बादल तो छाए रहे, लेकिन बात बूंदाबांदी से आगे नहीं बढ़ी। शहर का तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे अधिक है। आने वाले दिनों में धूप निकलने से उमस वाली बेचैनी बढ़ सकती है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा का दौर रहा। यह गतिविधि भी सरगुजा और बस्तर इलाकों से संबंधित रही। विशेषज्ञों का तर्क है कि राज्य में सप्ताहभर वर्षा की गतिविधि वातावरण में मौजूदा नमी और गर्म हवा की वजह से तैयार होने वाले स्थानीय सिस्टम की वजह से हो सकती है। अभी मौसम तंत्रिका को सक्रिय करने वाला कोई सिस्टम बंगाल की खाड़ी में नहीं है, इसलिए आने वाले दिनों में व्यापक रूप से बारिश होने ▶▶|शेष पेज 11 पर



### सफर खत्म होने वाले विमानतल पर किताब जमा भी करानी होगी

# एयरपोर्ट पर खुलेगी 'फ्लाईब्रेरी', यात्री पढ़ सकेंगे मनपसंद किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लाइब्रेरी की तर्ज पर जल्दी ही स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर फ्लाईब्रेरी खुलेगी। विमान यात्री यहां से अपनी मनपसंद किताब लेकर सफर में जा सकेंगे। नियम यह होगा कि उन्हें यात्रा खत्म होने वाले एयरपोर्ट पर संबंधित किताब जमा करनी होगी। इसके साथ रायपुर एयरपोर्ट अगले छह माह में और आकर्षक नजर आएगा। इसके लिए विभिन्न सौंदर्यीकरण का काम जल्दी ही शुरू होगा।



स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के डायरेक्टर के रूप में पिछले आठ महीने से सुविधाओं के विस्तार के कार्यों को मंजूरी देने वाले योगेश नगाईच अब चंडीगढ़ इंटरनेशल एयरपोर्ट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। बुधवार को विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यों का टेंडर पूरा किया गया है। इसके साथ ही यहां लागू व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। यात्रियों को विमानतल पर बनाई गई फ्लाईब्रेरी में हिंदी, अंग्रेजी सहित ▶▶|शेष पेज 11 पर




### भीड़ कम करने पार्किंग में लेन सिस्टम

*यात्रियों को पिकअप करने आने वाले यात्री वाहन के एयरपोर्ट से बाहर निकलने के दौरान होने वाली अनावश्यक भीड़ को कम करने लेन सिस्टम लागू किया गया है। इसमें फॉस्ट टैग वाहन, कैश एवं कामर्शियल वाहनों के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की गई है। विमानतल पर यात्रियों के लिए टैक्सी चालकों के बीच होने वाले विवाद को समाप्त करने के लिए विभिन्न तरह के कड़े कदम उठाए गए हैं।*

### होटल की तरह वीआईपी लाउंज

*डायरेक्टर ने बताया कि एयरपोर्ट के वीआईपी वेटिंग रूम को आवश्यकता के हिसाब से रिनोवेट किया जा रहा है। इसके लिए टेंडर हो चुके हैं और काम अगले पांच से छह माह में पूरा हो जाएगा। वीआईपी वेटिंग रूम इसके बाद किसी फाइव स्टार होटल के लाउंज की तरह नजर आएगा। कुछ निजी औद्योगिक कंपनियों के साथ एयरपोर्ट के भीतर आवश्यक रिनोवेशन का काम भी पूरा किया जा रहा है।*

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI | DHANORA

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93934 • 89595-44444

# मृतक श्रमिकों के कंपनी प्रबंधन द्वारा परिजनों को 30-30 लाख रुपए का मुआवजा देने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कल ग्राम बेन्द्री, उरला औद्योगिक क्षेत्र के पास, थाना उरला, जिला रायपुर स्थित मेसर्स 3-डी इनोवेशन कारखाने में एक गंभीर औद्योगिक दुर्घटना घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कारखाने के फेरो एलॉयज डिवीजन में संचालित फर्नेस में लांसिंग कार्य के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर में अचानक भीषण विस्फोट होने से कार्यरत तीन श्रमिकों अरुण पाण्डेय, लाल सिंह एवं कमल सिंह की दुःखद मृत्यु हो गई। दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंचकर दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान घटनास्थल का विस्तृत परीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य लिए गए, फोटोग्राफ एवं विडियोग्राफ लिए गए तथा कारखाना प्रबंधन एवं श्रमिकों से प्रारंभिक पूछताछ कर दुर्घटना के कारणों की जांच प्रारंभ की गई। प्रारंभिक जांच के आधार पर एवं श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कारखाना परिसर में संचालित समस्त प्रकार की विनिर्माण गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस संबंध में कारखाने के अधिभोगी एवं प्रबंधक को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच प्रतिवेदन एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## उरला हादसे पर प्रशासन का त्वरित एक्शन, कारखाने की समस्त विनिर्माण गतिविधियां बंद

### प्रबंधन ने दी आर्थिक सहायता की सहमति


कमल सिंह
मृतक


लाल सिंह
मृतक


अरुण
मृतक

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि प्रतिबंधात्मक आदेश की अवधि में कारखाने में नियोजित सभी श्रमिकों को नियमानुसार देय वेतन एवं अन्य भत्तों का भुगतान निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाए। विभाग के प्रयासो से कारखाना प्रबंधन द्वारा प्रत्येक मृतक श्रमिक के परिजनों को 30 - 30 लाख रूपए की तत्काल आर्थिक सहायता राशि देने की सहमति दी गयी।

### मृतकों के परिजनों को 1-1 करोड़ और घायलों को 50-50 लाख मुआवजा दें : बैज



उरला के थ्रीडी फैक्ट्री में ब्लास्ट से 3 मजदूरो की मौत, बड़ी संख्या में मजदूरो के घायल होने पर गहरा दुख प्रकट करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह हादसा उद्योग प्रबंधन के साथ सरकार की भी आपराधिक लापरवाही। मामले में अनेको लोगों के झुलसकर घायल होने की सूचना है, मृतको की संख्या भी ज्यादा बताई जा रही है। घायलों के बेहतर इलाज की समुचित व्यवस्था कर न्यायिक जांच कराई जाए और मृतकों के परिवार को एक-एक करोड़ और घायलों को 50-50 लाख मुआवजा दे। उन्होंने कहा, ढाई साल में प्रदेश के औद्योगिक दुर्घटनाओं में 300 से अधिक मजदूरो की जान गयी है। भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ में औद्योगिक सुरक्षा की स्थिति भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### रामगोपाल की गिरफ्तारी भाजपा का राजनैतिक साजिश

**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की एसीबी-ईओडब्लू में हुई गिरफ्तारी को कांग्रेस ने भाजपा की राजनैतिक साजिश करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने बयान जारी कर कहा कि विधानसभा चुनाव के समय से ही भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से कांग्रेस नेताओं के खिलाफ षडयंत्र कर रही है। पहले केंद्रीय फिर राज्य की जांच एजेंसियों को इस लगाया गया है। केंद्र की भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिए झूठे मुकदमे दर्ज कर कांग्रेस की छवि खराब करती रही। जिन मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के जरिए कुछ हासिल नहीं हुआ उसकी जांच ईओडब्लू से कराई जा रही है। शुक्ला ने कहा कि यह मामला न्यायालय में नहीं टिकेगा। पूरी मजबूती के साथ इस षडयंत्र के खिलाफ कानूनी और लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ी जाएगी।




### स्वास्थ्य मंत्री से मिले एनएचएम कर्मचारी



**रायपुर।** एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंट कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महासम्मेलन में की गई घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु आदेश जारी करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने ग्रेड पे समिति के गठन, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, नई मानव संसाधन नीति, स्थानांतरण नीति, अनुकंपा नियुक्ति, कैशलेस इलाज की सुविधा दिए जाने की घोषणा की थी। इन घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन से प्रदेश के 18 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। संघ ने स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध किया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य भवन तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्तर पर आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर आदेश जारी किए जाएँ, ताकि कर्मचारियों को घोषणाओं का लाभ जल्द प्राप्त हो सके।

### स्टाइपेंड वृद्धि के लिए हेल्थ सेक्रेटरी अमित कटारिया से मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के एमबीबीएस इंटर्न्स, पीजी एवं बॉन्डेड डॉक्टरों के स्टाइपेंड (मानदेय) में वृद्धि करने की मांग के साथ आईएमए एमएसएन के कन्वेनर शाहदिल खुसरू के नेतृत्व में एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में जॉइंट सेक्रेटरी देवेंद्र निराला, पीयूष सिंह, रविशंकर सिंह, पीयूष साहू, प्रांजल शुक्ला एवं शुभ शर्मा उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान चिकित्सा छात्रों ने स्वास्थ्य सचिव को स्टाइपेंड वृद्धि से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में डॉक्टरों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पूर्व संगठन द्वारा राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के डीन को ज्ञापन सौंपा गया था तथा स्वास्थ्य मंत्री से भी मुलाकात की गई थी।

## लाखों क्विंटल धान के स्टॉक में पाई गई कमी, समिति प्रबंधकों पर एफआईआर

# भौतिक सत्यापन में एक दर्जन जिलों में मिली गड़बड़ी, कई जिलों में वेरिफिकेशन बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ़ वर्ष 2025–26 धान खरीद सीज़न के दौरान, अब तक सभी जिलों का भौतिक सत्यापन पूरा नहीं हो पाया है। एक दर्जन से अधिक जिलों में भौतिक सत्यापन में गड़बड़ियों की बड़े पैमाने पर शिकायतें मिली हैं। जांच के दौरान सामने आई गड़बड़ियों में ये शामिल हैं। धान की फ़र्ज़ी खरीद, फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान स्टॉक में कमी, घटिया धान की खरीद, बिना अराइवल स्लिप के खरीद, टोकन में गड़बड़ी, छुट्टियों के दिन बिना मंज़ूरी के खरीद, बारदाना (बोरी) वितरण में धोखाधड़ी या किसानों से अवैध वसूली के मामले भी सामने आए हैं। बताया गया है कि धान खरीदी और संग्रहण केंद्रों के भौतिक सत्यापन में कई जिलों में भारी कमियां और अनियमितताएं पाई गई हैं। इनमें दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, शक्ति, जगदलपुर, रायपुर, गरियाबंद, महासमुंद और बलौदाबाज़ार-भाटापारा जिले शामिल हैं।

मुख्य रूप से कबीरधाम (कवर्धा), दुर्ग, बेमेतरा, रायपुर और महासमुंद जिलों में रिकॉर्ड से हजारों क्विंटल धान कम पाए जाने का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार पंडरिया विकासखंड के बाघा मुड़ा सोसायटी, रमतला और बघर्रा केंद्रों में लगभग पांच हजार क्विंटल धान कम पाया गया है। वहीं मरका सोसाइटी में 110 बोरी धान अतिरिक्त मिलने की बात भी सामने आई है, जो रिकॉर्ड में गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी ने प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। कबीरधाम जिले में लगभग 7 करोड़ का धान गायब मिला। जांच में सहसपुर लोहारा जैसे केंद्रों से भारी मात्रा में धान और खाली बारदाने गायब मिले।



### रायपुर के 12 खरीदी केंद्रों में 6590 क्विंटल धान की कमी

रायपुर जिले की 12 धान समितियों में 6,590 क्विंटल धान की शॉर्टेज का मामला सामने आया। बताया गया है कि तिल्दा के सरफोंगा उपार्जन केंद्र में 510 क्विंटल धान तथा कुल 4640 नग बारदाना गायब पाया गया। उपार्जन केंद्र रींवा के भौतिक सत्यापन में 856 क्विंटल धान की कमी पाई गई। यहां पर समिति प्रबंधक जगदीश साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने कहा गया है। उपार्जन केंद्र फरफौद के भौतिक सत्यापन में 734 क्विंटल धान की कमी होने पर संस्था के प्रभारी समिति प्रबंधक संतोष कुमार टंडन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने पत्र जारी किया गया है। तिल्दा के अंतर्गत आने वाले देवरी उपार्जन केंद्र का भौतिक सत्यापन किए जाने पर 560 क्विंटल धान का कम होना और 5660 नग बारदाना का गबन होना पाया।

### इन जिलों में कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई

बिलासपुर में, 920 बोरी धान गायब मिलने के बाद खरीद केंद्र के इंचार्ज कामिराम खुंटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जांजगीर-चांपा में छुट्टी के दिन धान की आवक स्वीकार करने के लिए तीन कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया और टोकन में हेरफेर के लिए एक कंप्यूटर ऑपरेटर पर केस दर्ज किया गया। रायपुर जिले में, नरदहरा सेंटर के क्लर्क-ऑपरेटर को किसानों से कथित तौर पर पैसे वसूलने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया। महासमुंद में, पिर्धा और सिंहबहल के सेंटर इंचार्ज के खिलाफ एफआईआ दर्ज की गई हैं। अलग-अलग जिलों में, अव्यवस्थित खरीद, पॉलिसी के उल्लंघन और स्टॉक में अंतर के कारण जगदलपुर, गरियाबंद और बलौदाबाजार में निलंबन जैसी कार्रवाई की गई।

### दुर्ग में 27,900 क्विंटल धान कम मिला

दुर्ग जिले के 61 से अधिक धान खरीदी केंद्रों की जांच में करीब 27,900 क्विंटल धान रिकॉर्ड से कम पाया गया। इसकी अनुमानित कीमत करीब ढाई करोड़ रुपए बताई जा रही है। जांच रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा 4 हजार 646 क्विंटल धान की कमी धमधा समिति में मिली है। इसके अलावा करेली, बरहापुर, डीडाभाठा और केसरा समितियों में भी बड़ी मात्रा में धान कम पाया गया। खरीदी प्रक्रिया में नहीं बल्कि धान के उठाव, परिवहन, भंडारण और रिकॉर्ड मिलान में गड़बड़ियां सामने आई हैं। सरना धान में सबसे अधिक 22 हजार 802 क्विंटल की कमी पाई गई है। इससे पहले धमधा और जामगांव आर समिति के प्रभारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। धमधा समिति प्रभारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### बेमेतरा लेंजवारा केंद्र में मिली कमी

बेमेतरा जिले में सरदार लेंजवारा केंद्र में रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में गंभीर अंतर मिला। यहां 53,639 क्विंटल धान कम पाया गया।खाद्य, राजस्व और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम की रिपोर्ट के आधार पर जिला सहकारी बैंक को खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को नोटिस जारी कर मामला पुलिस को सौंपने की कार्रवाई की जा रही है।

## सहयोग केन्द्र में वित्तमंत्री चौधरी ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को सहयोग केन्द्र में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सहयोग केन्द्र पहुंचे 300 से भी अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना। पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश के विभिन्न जिलों से अपनी मांगें और व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याएं लेकर पहुंचे थे।

उन्होंने इस दौरान प्राप्त 100 से अधिक आवेदनों का एक-एक कर अवलोकन किया। आवेदनों में मुख्य रूप से ग्रामीण विकास, बुनियादी ढांचा, पेंशन योजनाएं, राजस्व मामले, शिक्षा, स्वास्थ्य सहायता और स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दे शामिल थे। उन्होंने कई मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों और जिला कलेक्टरों से फोन पर निर्देशित किया कि आम जनता के काम में किसी भी प्रकार की ढिलाई या देर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबलप्रताप सिंह जूदेव व प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज उपस्थित थे।

## अमित ने कहा- पार्टी को नए सिरे से मजबूत और जनआंदोलनों से जुड़ा संगठन बनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने संगठन के पुनर्गठन और जनहित के मुद्दों पर नए संकल्प के साथ जेसीसीजे 2.0 की शुरुआत की है। पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, अब जनता कांग्रेस नए तेवर और नए कलेवर के साथ प्रदेश की जनता के बीच जाएगी। पार्टी को नए सिरे से मजबूत, सक्रिय और जनआंदोलनों से जुड़ा संगठन बनाया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि पार्टी के युवा संगठन का नाम बदलकर जनता युवा कांग्रेस रखा गया है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में प्रदेशभर में बेटा बचाओ अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को नशे, बेरोजगारी, अपराध और सामाजिक बुराइयों से बचाने के लिए व्यापक जनजागरण किया जाएगा।

### हमें नहीं कांग्रेस को अन्य दलों के सहारे की जरूरत

उन्होंने कहा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) कांग्रेस में विलय चाहती थी। एक वर्ष पूर्व इस संबंध में कांग्रेस पार्टी को पत्र भी भेजा गया था, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया। ऐसे में पार्टी ने स्वयं को पुनर्गठित कर नई शुरुआत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, आज हमें कांग्रेस की नहीं बल्कि कांग्रेस को अन्य दलों के सहारे की आवश्यकता है।

## महादेव सट्टा ऐप के मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी, असली चेहरे होंगे बेनकाब

### डॉ. मिश्रा ने दी सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के मुख्य आरोपी और मास्टरमाइण्ड सौरभ चन्द्राकर की ओमान में हुई गिरफ्तारी के मद्देनजर तत्कालीन कांग्रेस सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय जांच एजेंसियों की तत्परता का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ की युवा पीढ़ी को सट्टे के दलदल में धकेलने वाला मुख्य गुनहगार आज सलाखों के पीछे है। उसे ओमान से प्रत्यर्पित कर भारत लाया जा रहा है और अब इस 5 हजार करोड़ रुपए के महाघोटाले के असली 'आकाओं' के चेहरे बेनकाब होकर रहेंगे। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल पर कड़ा कटाक्ष करते हुए कहा, भूपेश बघेल की सरकार 'सट्टा सरकार' के रूप में याद की जाएगी। जिस भिलाई के लड़के ने 2019 से हजारों करोड़ रुपए का साम्राज्य खड़ा कर लिया, वह तत्कालीन कांग्रेस सरकार की नाक के नीचे फल-फूल रहा था। कांग्रेस के राज में जिन अपराधियों को अभयदान मिला हुआ था, भाजपा सरकार में उन्हें पाताल से भी ढूंढ़ निकाला जा रहा है।

## थ्रीडी प्लांट में तीन मजदूरों की मौत, कांग्रेस की जांच समिति आज जाएगी घटनास्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

थ्रीडी इनोवेशन प्लांट में हुई तीन मजदूरों की मौत की घटना की जांच के लिए गठित छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जांच समिति की बैठक बुधवार को राजीव भवन में समिति के संयोजक एवं पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व समिति के सभी सदस्यों ने दुर्घटना में दिवंगत तीनों श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। बैठक में निर्णय लिया गया कि जांच समिति 9 जुलाई को दोपहर 3 बजे थ्रीडी इनोवेशन प्लांट का स्थल निरीक्षण करेगी।

### जांच कर पीसीसी को सौंपेंगी रिपोर्ट

समिति घटनास्थल का बारीकी से अवलोकन करेगी, मृतक एवं प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को सुनेगी तथा घटना से जुड़े सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच करेगी। समिति संबंधित अधिकारियों एवं कंपनी प्रबंधन से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त करेगी और जांच के बाद अपनी विस्तृत रिपोर्ट छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी।

## एक्का को सूडा का अतिरिक्त प्रभार, कई जिला पंचायतों में बदले गए सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 8 अधिकारियों और राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से देर रात जारी तबादला आदेश में कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं। आईएएस अधिकारी रिमिजियस एक्का को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के साथ राज्य शहरी विकास अभिकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गजेंद्र सिंह ठाकुर को राजस्व, आपदा प्रबंधन और पुनर्वास विभाग का उप सचिव बनाया गया है। प्रतीक जैन को जिला पंचायत कोरबा का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुरुचि सिंह को नगर पालिका निगम भिलाई का आयुक्त बनाया गया है। जयंत नाहटा को जिला पंचायत धमतरी, एम. भार्गव को जिला पंचायत दंतेवाड़ा, तन्मय खन्ना को जिला पंचायत बस्तर और दुर्गा प्रसाद अधिकारी को जिला पंचायत राजनांदगांव का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### राप्रसे के इन अफसरों का तबादला

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में भी बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है। इंद्रजीत बर्मन को स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में नई जिम्मेदारी दी गई है। राजीव कुमार पांडेय को उच्च शिक्षा संचालनालय में पदस्थ किया गया है। भारती चंद्राकर को मार्कफेड, दिनेश कुमार नाग को छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन और नयनतारा सिंह तोमर को चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में पदस्थ किया गया है।

### इन्हें सौंपी गई है सीईओ की कमान

गोकुल राम राबटे को जिला पंचायत मुंगेली का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। आशुतोष चतुर्वेदी को जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज और अभिषेक कुमार गुप्ता को जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का सीईओ नियुक्त किया गया है। प्रभाकर पांडेय को खेल-युवा कल्याण विभाग में पदस्थ किया गया है। वहीं, शशांक पांडेय को छत्तीसगढ़ रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में नई जिम्मेदारी दी गई है।

## भाजपा प्रवक्ता श्रीवास पर अपराध पंजीबद्ध करें : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीरगांव नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 27 के लोगों ने पार्षद दिलदार कुमरे के साथ उरला थाने जाकर भाजपा प्रवक्ता गौरीषंकर श्रीवास के विरुद्ध अपराध प्रंजीबद्ध करने की मांग की है।

बताया गया कि नकटी ग्राम के बढ़ते हुये जनाक्रोष एवं इस अनैतिक कार्यवाही का सरकार के पास किसी तरह का जवाब नही होने के कारण भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने बीरगांव निगम के वार्ड क्रमांक 27 डेरहापारा के कोराना काल के पुराने विडियो को नकटी गांव से जोड़ते हुये वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज शर्मा की छवि खराब करने के लिये अर्नगल एवं झूठा बयान दिया, जिससे सभी कार्यकर्ता आहत एवं आक्रोषित हैं। पार्षद ने बताया कि कोरोना काल के उक्त विडियो में दिखाई दे रहे सभी लोग मेरे वार्ड के निवासी हैं। डेरहापारा बस्ती की समस्या को लेकर वरिष्ठ नेता पंकज शर्मा ने कहा था कि कांग्रेस कभी भी किसी को बेघर नहीं करती है। यदि किसी शासकीय योजना के लिये आपके मकानों को तोड़ा जाता है, तो प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बहुमंजिला इमारत में आप सभी को फ्लैट बनाकर व्यस्थापित करने का प्रयास किया जायेगा। उनका यह बयान बीरगांव नगर निगम के वार्ड क्रंमांक 27 के डेरहापारा के लोगो के लिये था न कि ग्राम नकटी के लिये। थाना प्रभारी उरला को ज्ञापन सौंपते हुये मांग की है कि भाजपा प्रवक्ता गौरीषंकर श्रीवास पर जनप्रतिनिधि की छवि धूमिल करने एवं विडीयो के गलत इस्तेमाल करने के लिये भारतीय दंड विधान एवं आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कानूनी कार्रवाई की जाये।



## राज्यपाल को पत्र लिखकर किया था पेंशन दिलाने का आग्रह

# पूर्व मंत्री अकबर की पहल का असर, मई तक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अकबर द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लंबित भुगतान को लेकर राज्यपाल को लिखे गए पत्र के बाद अब हितग्राहियों को राहत मिलनी शुरू हो गई है। राज्य सरकार ने मई तक की लंबित पेंशन राशि का भुगतान कर दिया है, जबकि जून की पेंशन जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अकबर ने 5 जून को राज्यपाल को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि प्रदेश में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के लाखों हितग्राहियों को कई महीनों से पेंशन नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा था कि लगातार बढ़ती महंगाई और भीषण गर्मी के बीच गरीब, बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग हितग्राहियों के लिए पेंशन ही जीवनयापन का प्रमुख सहारा है, ऐसे में भुगतान में देरी से वे गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। पत्र में अकबर ने राज्यपाल से संविधान के अनुच्छेद 154 के तहत अपनी संवैधानिक शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया था, ताकि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के हितग्राहियों को समय पर पेंशन मिल सके। उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि यदि किसी कारणवश केंद्र से राशि मिलने में देरी हो रही हो तो राज्य सरकार अन्य मद से भुगतान कर बाद में उसकी प्रतिपूर्ति कर सकती है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्य के सभी हितग्राहियों को मई तक का भुगतान कर दिया गया है।

### राज्यपाल को पत्र लिखने के बाद राशि जारी

जून का भुगतान प्रक्रियाधीन है। अब राज्य सरकार ने मई तक की पेंशन राशि जारी कर दी है और जून माह के भुगतान की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इससे प्रदेश के लाखों सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को राहत मिलेगी। कांग्रेस का कहना है कि राज्यपाल के समक्ष मामला उठाए जाने के बाद सरकार ने लंबित भुगतान की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। वहीं सरकार की ओर से जून का भुगतान भी जल्द पूरा किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

खबर संक्षेप



## तीन मजदूरों की मौत के मामले की कांग्रेस का स्थल निरीक्षण आज

**आरंग/मंदिर हसौद।** थ्रीडी इनोवेशन प्लांट में हुई तीन मजदूरों की मौत की घटना की जांच के लिए गठित छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जांच समिति की बैठक बुधवार को समिति के संयोजक एवं पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जांच समिति 9 जुलाई को दोपहर 3 बजे प्लांट का स्थल निरीक्षण करेगी। मृतक एवं प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को सुनेगी तथा घटना से जुड़े सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच करेगी। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, धरसींवा की पूर्व विधायक अनीता शर्मा, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, ऊधो वर्मा, भावेश बघेल, मोहम्मद सिद्दीक, बाबा खान (मंडल अध्यक्ष, उरला) तथा मृतक अरुण पांडे के परिवार की ओर से गणेश कुंभकार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## राम मंदिर के छत निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू (मोहदा) में सार्वजनिक श्रीराम मंदिर के छत कॉन्क्रीटीकरण एवं बैठक कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का गमछा और श्रीफल से स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध जनों और अतिथियों ने हरसंभव और भरपूर सहयोग देने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि महेंद्र साहू, क्षेत्र की जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, मोहदा सरपंच रेखा प्रहलाद, मोहदा सोसायटी अध्यक्ष डॉ शोभित वर्मा, उप सरपंच ताकेश्वर निर्मलकर, मिलेंद्र वर्मा,गिरीश साहू, टीकम वर्मा, महेंद्र जेठी, पंच लक्ष्मी निर्मलकर, पंच तुलसी सिन्हा,श्रवण वर्मा, पंचायत सचिव सुनील शर्मा, राजकुमार पटेल, धरमसिंह पटेल, आर. एल. शांडिल्य (गुरुजी), सेवक राम निषाद, कृपाल साहू, धनसिंह ध्रुव, देवचरण साहू, दीपक निषाद व श्रीराम उपस्थित थे। मंच का संचालन लालजी निर्मलकर ने की।

## 200 विद्यार्थियों को बांटे फल एवं छायादायी पौधे



**अभनपुर।** नगर पालिका परिषद अभनपुर क्षेत्र में वर्षा ऋतु के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पार्षद रूपनारायण साहू एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा लौटन गिलहरे ने प्राथमिक शाला उपर पारा अभनपुर में स्कूली छात्र-छात्राओं को लगभग 200 फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया। बच्चों को आम, मुनगा, जामुन, कटहल, रायजामुन सहित विभिन्न फूलों के पौधे प्रदान किए गए। अतिथियों ने बच्चों से अपने-अपने घरों में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। साथ ही विद्यालय परिसर, मंदिर प्रांगण एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी पौधरोपण करने का आग्रह किया।

# छग ग्रामीण बैंक ने जनपद को सौंपा वाटर कूलर, राहगीरों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा


भीषण गर्मी और उमस के इस दौर में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए एक सराहनीय पहल की है। बैंक प्रबंधन की ओर से अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी मद के तहत जनपद पंचायत धरसींवा को एक अत्याधुनिक वाटर कूलर प्रदान किया गया है। इस वाटर कूलर के लग जाने से अब जनपद पंचायत कार्यालय आने वाले ग्रामीणों, स्थानीय निवासियों और राहगीरों को ठंडे व शुद्ध पेयजल की सुविधा आसानी से मिल सकेगी।

■ बैंक की सौगात से आमजनता को राहत

### बैंक की पहल का जनपद ने किया स्वागत

**मूलभूत सुविधा का विस्तार**

इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग हो या आम जनता, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हर जगह जरूरी है। बैंक के अधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ बैंकिंग सेवाएं देना नहीं है, बल्कि समाज के विकास और लोगों की जरूरत में सहभागी बनना भी है।



**जनहित का कार्य**

*कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढीलेन्द्र सेन ने बैंक प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के जनहित के कार्य बहुत जरूरी हैं। ग्रामीण बैंक ने हमेशा से स्थानीय लोगों की मदद की है और यह वाटर कूलर भी लोगों के लिए काफी मददगार साबित होगा। वहीं, जनपद उपाध्यक्ष श्री दिनेश खूंटे ने भी इस पहल को जनहित में एक बड़ा कदम बताया।*

इस अवसर पर आयोजित एक सादे और गरिमामय कार्यक्रम में बैंक और जनपद पंचायत के पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। वाटर कूलर के लोकार्पण के दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) श्री आशीष केशरवानी ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के इस प्रयास की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। जनपद कार्यालय में हर दिन सैकड़ों ग्रामीण अपने काम से आते हैं, ऐसे में इस वाटर कूलर के लग जाने से उन्हें अब भटकना नहीं पड़ेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों ने वाटर कूलर का फीता काटकर इसे आम जनता को समर्पित किया।

### दोबारा बोआई की नौबत से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ा

# मौसम खुलते ही खेतों में लौटी रौनक पानी निकासी का कार्य युद्धस्तर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

बीते दिनों हुई 24 घंटे की अनवरत और भारी बारिश के बाद आखिरकार 7-8 जुलाई को मौसम साफ हुआ है। धूप खिलते ही अंचल के खेतों में अचानक कृषि गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली है और किसान पूरी ताकत से धान की बुआई के काम में जुट गए हैं। मौसम खुलने का सबसे ज्यादा फायदा उन किसानों को मिला है, जिन्होंने अब तक धान की बोआई नहीं की थी। ऐसे किसानों ने गुरुवार को धूप निकलते ही खेतों को मचाकर (मचोड़कर) 'लेई चोपी' (अंकुरित बीज रोपण) पद्धति से बड़े पैमाने पर धान की बोआई शुरू कर दी है।

खेतों में ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट और किसानों की भारी भीड़ देखी जा सकती है। वहीं, जिन किसानों ने बारिश से ठीक पहले सूखी बोआई (खुर्रा बोनी) कर ली थी, उनकी चिंताएं बढ़ी हुई थीं। खेतों में भारी पानी जमा होने के कारण फसल खराब होने का डर था।




■ कई गांवों में बीज सड़ने की शिकायत

ऐसे किसान पिछले दो दिनों से खेतों में 'गरदी' (समूह) बनाकर पूरी शिद्दत से जल निकासी के काम में जुटे रहे, ताकि बीज सड़ने से बच सकें। बारिश ने कुछ किसानों को तगड़ा आर्थिक झटका भी दिया है।

**दोबारा बोआई की तैयारी शुरू, खेती की लागत बढ़ेगी :** अनेक किसानों ने मानसून की शुरुआत से महज 2-3 दिन पहले ही धान की बोआई की थी। इसके तुरंत बाद मूसलाधार बारिश होने से खेतों में कई फीट पानी जमा हो गया। अब जब कड़ी मशक्कत के बाद खेतों से पानी खाली किया गया, तो बीजों में अंकुरण (उगाव) नदारद मिला।

अत्यधिक पानी और उमस के कारण बीज खेतों में ही सड़ गए। नतीजतन, ऐसे पीड़ित किसान अब भारी मन से दोबारा बोआई (डबल बोनी) करने को विवश दिखाई दे रहे हैं, जिससे उन पर बीज और खाद का दोहरा खर्च आ पड़ा है। किसानों का कहना है कि मौसम ने इस बार शुरुआती दौर में ही परीक्षा ले ली है। जिन खेतों से पानी निकल गया है, वहां उम्मीद बची है। लेकिन जहां बीज सड़ गए हैं, वहां दोबारा मेहनत और पैसा लगाना उनकी मजबूरी बन गया है। बहरहाल, मौसम साफ होने के बाद ग्रामीण अंचलों में कृषि कार्य चरम पर है। आने वाले दिनों में यदि धूप और छांव का यह संतुलन बना रहा, तो बोनी के काम में और तेजी आने की उम्मीद है।

# मुख्यमंत्री साय का आज समोदा प्रवास 112 करोड़ के 96 कार्यों की देंगे सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

आरंग विधानसभा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित विकास महापर्व का इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार 9 जुलाई को नगर पंचायत समोदा में आयोजित विधानसभा स्तरीय भव्य भूमि-पूजन एवं लोकार्पण समारोह में शामिल होकर 112 करोड़ से अधिक की लागत वाले 96 विकास कार्यों की सौगात देंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 21.67 करोड़ लागत के 67 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 90.34 करोड़ लागत के 29 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। पूर्व में अपरिहार्य कारणों से 6 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित हो गया था। अब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

नगर पंचायत समोदा सहित पूरे आरंग विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है।कार्यक्रम की तैयारियों की कमान संभालते हुए कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर प्रशासनिक अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक ली। उन्होंने लोक निर्माण, पुलिस, नगरीय प्रशासन तथा अन्य विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के स्वागत, सुरक्षा, यातायात, पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुविधा में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आरंग विधानसभा के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 21.67 करोड़ की लागत से पूर्ण हुए 67 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इनमें लोक निर्माण विभाग के 9.43 करोड़ के 3 कार्य, नगर पंचायत समोदा के 6.67 करोड़ के 20 कार्य, आरंग नगर पालिका के 4.78 करोड़ के 39 कार्य तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के 79 लाख के 5 कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री 90.34 करोड़ की लागत से बनने वाले 29 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे।



**मंत्री और दिग्गज नेता होंगे शामिल**

कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधि संस्थाओं के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि आरंग विधानसभा के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और क्षेत्र का संतुलित विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वीकृत ये विकास कार्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे तथा आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर समोदा में विशाल पंडाल, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा वीआईपी मूवमेंट की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि इस विकास महापर्व के दौरान आरंग विधानसभा को कई नई सौगातें मिलेंगी और विकास को नई गति प्राप्त होगी।

# विधायक कॉलोनी निर्माण के विरोध में मंत्री को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

आम आदमी पार्टी आरंग विधानसभा के पाँच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज विधानसभा प्रभारी परमानंद जांगड़े के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधायक खुशवंत साहेब के मंत्री कार्यालय पहुँचकर ग्राम सम्मानपुर (नकटी) की चारागाह भूमि पर प्रस्तावित विधायक कॉलोनी को स्वीकार न करने तथा प्रभावित परिवारों के सम्मानजनक पुनर्वास एवं न्याय की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

मंत्री श्री खुशवंत साहेब के क्षेत्रीय प्रवास पर होने के कारण ज्ञापन उनके निज सचिव को सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में द्वारिका नारंग, राजबंधु नवरंगे, देवेन्द्र बंजारे, राकेश जांगड़े एवं ईश्वर वर्मा शामिल रहे। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम सम्मानपुर (नकटी) में लगभग 85 गरीब एवं श्रमिक परिवारों के घर ध्वस्त किए जाने से सैकड़ों लोग बेघर होकर कठिन परिस्थितियों में जीवन-यापन करने को विवश हैं। ऐसी स्थिति में उसी भूमि पर विधायक कॉलोनी का निर्माण करना मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप नहीं होगा।

आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि जनप्रतिनिधियों का सम्मान जनता के विश्वास, सेवा और संवेदनशीलता से बढ़ता है। अतः मानवता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रस्तावित विधायक कॉलोनी को स्वीकार न करने की लिखित सहमति प्रदान की जाए तथा प्रभावित परिवारों के सम्मानजनक पुनर्वास, वैकल्पिक आवास और न्यायपूर्ण समाधान के पक्ष में सकारात्मक पहल की जाए।

# सीएम का समोदा प्रवास आज, सड़क मरम्मत के नाम पर लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

9 जुलाई को आरंग विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत समोदा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दौरा तय होते ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों में जो हलचल मची है, वह किसी फिल्म के क्लाइमैक्स से कम नहीं है। कुंभकर्णी नींद सो रहे विभाग के इंजीनियरों ने अब रातों-रात सड़कों का कायाकल्प करने का बीड़ा उठाया है, पर अफसोस, यह कायाकल्प विकास के लिए नहीं, बल्कि साहब की 'नाराज़गी' से बचने के लिए है। रानीसागर से समोदा तक की सड़क इस समय किसी खतरनाक एडवेंचर ट्रैक से कम नहीं है। यहाँ सड़क कम और 'गड्ढों का संग्रहालय' ज्यादा नज़र आता है। मानसून की पहली बारिश क्या हुई, सड़क ने अपना असली चेहरा दिखा दिया। लेकिन मुख्यमंत्री के आगमन की आहट मिलते ही विभाग के अधिकारी जाग गए हैं। गड्ढों को भरने के नाम पर जो ऑपरेशन चल रहा है। वैज्ञानिक तरीके से सड़क की मरम्मत करने के बजाय, इन पर गिट्टी और डामर का ऐसा पतला लेप लगाया जा रहा है, जैसे कोई बच्चा पेंटिंग कर रहा हो। खराब सड़क के कारण यहाँ आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोग गिर रहे हैं, चोटिल हो रहे हैं, लेकिन पीडब्लूडी के लिए ये सिर्फ आम जनता की समस्याएँ हैं। इनकी प्राथमिकता में सड़क की मजबूती नहीं, बल्कि दौरे की सफलता है। 09 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आरंग विधानसभा के समोदा में विकास कार्यों की सौगात देने आ रहे हैं।

■ रानीसागर से समोदा तक है गड्ढों का संग्रहालय





## सशिमं गुल्लू में बच्चों को वितरित की पाठ्यपुस्तकें



**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर, गुल्लू में नवीन शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों को शासकीय पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संयोजक अर्जुन प्रसाद जलछत्री, सचिव अशोक यादव, सहसचिव रामू लोधी एवं प्रधानाचार्य डोमार सिंह लोधी ने मां भारती, प्रणव अक्षर 'ॐ' तथा मां सरस्वती के चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात कक्षा पहली से आठवीं तक अध्ययनरत भाई-बहनों को निःशुल्क शासकीय पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव अशोक यादव ने कहा कि शासन द्वारा पुस्तक वितरण का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा को सहज और सुलभ बनाना तथा उनमें अध्ययन की रुचि विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरे वर्ष मन लगाकर पढ़ाई करने, उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने तथा अपने परिवार, विद्यालय और समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य डोमार सिंह लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तकें केवल कागज का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान का अमूल्य खजाना हैं। इनसे प्राप्त शिक्षा व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से पुस्तकों का सम्मान करने और उनका सदुपयोग कर उज्ज्वल भविष्य बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं संस्कारयुक्त जीवन अपनाने के संदेश के साथ हुआ।

# वित्त मंत्री चौधरी से ब्रिक्स उद्योग के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंटवार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा

फ्लाई ऐश ब्रिक्स उद्योग से जुड़े विभिन्न जीएसटी एवं उद्योग हित के महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आज भाजपा सहयोग केंद्र में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से प्रतिनिधिमंडल ने विस्तृत चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल में फ्लाई ऐश ब्रिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लोकेश शर्मा, एसोसिएशन के सम्मानित पदाधिकारी एवं उद्योग से जुड़े व्यापारीगण शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने वर्तमान जीएसटी व्यवस्था, फ्लाई ऐश ब्रिक्स उद्योग के समक्ष आ रही व्यावहारिक चुनौतियों तथा उद्योग के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर मंत्री के समक्ष अपने सुझाव एवं मांगें रखीं।

बैठक के समन्वय में अशोक सिन्हा की भी सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने उद्योग हित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से मंत्री के समक्ष रखते हुए कहा कि फ्लाई ऐश ब्रिक्स उद्योग पर्यावरण संरक्षण, औद्योगिक अपशिष्ट के बेहतर उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसलिए उद्योग के समक्ष आने वाली व्यावहारिक समस्याओं का समयबद्ध समाधान आवश्यक है।

माननीय वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से सुना तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक पहल करते हुए उन्हें उचित स्तर पर रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के विकास, रोजगार सृजन एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर सदैव सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रही है। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

■ फ्लाई ऐश ब्रिक्स उद्योग की पर्यावरण संरक्षण में है महत्वपूर्ण भूमिका

### शिक्षक महेंद्र पटेल अपने हर जन्मदिन पर रोपते है 100 पौधे

# शिक्षक के लगाए 300 पौधे बन गए वृक्ष व अभियान के लिए 50 हजार करेंगे डिपाजिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

चरौदा में पदस्थ शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल ने प्रकृति संरक्षण को अपने जीवन का ध्येय बना लिया है। पर्यावरण के प्रति उनका समर्पण इस कदर है कि उन्होंने अपने मरणोपरांत भी पौधरोपण अभियान जारी रखने के लिए 50 हजार रुपए से अधिक की राशि बैंक में जमा (डिपॉजिट) करने का संकल्प लिया है, ताकि उनके जाने के बाद भी उनके नाम से पौधे लगाए जा सकें। शिक्षक महेंद्र पटेल द्वारा अपने गृहग्राम लाफिन कला, वर्तमान निवास आरंग और पदस्थापना स्थल चरौदा में लगाए गए करीब 300 पौधे आज वृक्ष बनकर फल और छांव दे रहे हैं। वे केवल पौधे लगाते नहीं, बल्कि उनका संरक्षण भी करते हैं।



**बच्चों में भी पर्यावरण संरक्षण के संस्कार बो रहे**

पेड़ों को कटने से बचाने के लिए वे हर वर्ष गांव में लकड़ियों की जगह कंडों (उपलों) से होलिका दहन की अनूठी परंपरा का निर्वाह करवा रहे हैं। महेंद्र अपने स्कूल के बच्चों में भी पर्यावरण संरक्षण के संस्कार बो रहे हैं। कोविड काल के संकट के दौरान, जब लोग घरों में कैद थे, तब उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर स्वयं के खर्च से पर्यावरण जागरूकता गीत तैयार किया। इसके अलावा, समाज को जागरूक करने के लिए उन्होंने 'पेंड बर झगरा' नामक एक लघु फिल्म (शॉर्ट फिल्म) भी बनाई है, जो लोगों को प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा देती है। शिक्षक महेंद्र हर साल 9 जुलाई को अपने जन्मदिन पर 100 पौधे लगाने का संकल्प लेते हैं। वे गांव के दिवंगत बुजुर्गों की स्मृति में पीपल, बरगद, नीम और कदम जैसे दीर्घायु वृक्ष लगाते हैं। पर्यावरण को समर्पित अपनी संस्था 'पीपला फाउंडेशन' के माध्यम से वे हर वर्ष सैकड़ों पौधों का दान करते हैं और लोगों को प्रकृति को संवारने के लिए जागरूक कर रहे हैं। वे कहते हैं, /"पहले सुरक्षा का इंतजाम करें, फिर पौधरोपण का काम करें। उन्होंने आज अपने जन्मदिवस से पहले ट्री-गार्ड तैयार कर लोगों से पौधरोपण के बाद उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की है।

# जवाहर उत्कर्ष परीक्षा में यश व प्रिंस ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के समीप स्थित ग्राम पंचायत बहना काड़ी के नवीन प्राथमिक शाला खदान पारा बहना काड़ी स्कूल में अध्यनरत यश कुमार कुर्रे पिता सुरेश कुमार कुर्रे और प्रिंस ओगरे पिता रूपेन्द्र ओगरे ने मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना 2025- 26 में 76.75% के साथ रायपुर जिला में यश कुमार कुर्रे प्रथम स्थान पर और प्रिंस ओगरे द्वितीय स्थान पर रहे।

उनकी सफलता के लिए दिनेश कुमार शर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सुरेंद्र चंद्रसेन विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक, सुशील भतपहरी प्रधान पाठक बहना काड़ी, रामकुमार सिन्हा प्रधान पाठक दरबा, दीपक बंजारे प्रधान पाठक मोखला के दोनों छात्रों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि 2013 से अनावरत 2026 तक 48 छात्र छात्राओं का जवाहर नवोदय और जवाहर उत्कर्ष योजना परीक्षा में सफलता हासिल की है।



## खबर संक्षेप

### प्राध्यापक करेंगे राष्ट्रीय सेवा योजना की मॉनिटरिंग

**रायपुर।** प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विभिन्न जिलों में 29 अंशकालीन जिला संगठकों की नियुक्ति की गई है। संबंधित प्राध्यापकों व व्याख्याताओं को उनके वर्तमान शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ आगामी 2 वर्षों के लिए जिला संगठक की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची में राज्य के सभी प्रमुख जिलों और अंचलों को शामिल किया गया है। सभी नवनियुक्त जिला संगठकों को निर्देशित किया गया है।कि वे अपने-अपने जिलों के कलेक्टर से तत्काल संपर्क स्थापित कर 'जिला स्तरीय सलाहकार समिति' का गठन सुनिश्चित करें और नियमानुसार बैठकों का आयोजन करें।

### गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर, कुकुरबेड़ा ओवरब्रिज के नीचे गांजा बेचते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने दो किलो ग्राम से ज्यादा गांजा जब्त किया है। गांजा बेचने के आरोप में पुलिस ने हरीश सेंद्रे को गिरफ्तार किया है। उसे पुलिस ने पाइंटर भेज कर गांजा बेचते पकड़ा है। बोरी में छिपाकर आरोपी गांजा बेच रहा था।

## निधन

### महिंदर कौर होरा



**रायपुर।** श्याम नगर निवासी सरदारनी महिंदर कौर होरा का 8 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे महेंद्र सिंह होरा (राजू ढाबा वाले) की पत्नी थीं।

### शकुंतला चावला



**रायपुर।** गोविंद नगर निवासी शकुंतला चावला का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 जुलाई को सुबह 11:30 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. इकबाल सिंह चावला की पत्नी, परमजीत, हरमीत की माता एवं जयदीप चावला की दादी थीं।

### रमाबेन पंड्या

**रायपुर।** सड्डू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रमाबेन पंड्या का 7 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जुलाई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे परेश, मनीष पंड्या की माता थीं।

### डोनाल्ड बोशत



**रायपुर।** देवेंद्र नगर सेक्टर-3 निवासी सेंट पॉल्स कलीसिया के सदस्य डोनाल्ड बोशत (64) का 8 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 जुलाई को सुबह 11.30 बजे सेंट पॉल्स प्रभु वाटिका अरविंद्र नगर टिकरापारा के लिए निकलेगी। वे अनीता बोशत के पति, अनुभव बोशत एवं स्मृति के पिता और जेराल्ड बोशत, हेराल्ड बोशत तथा जॉयस बिंझवार के छोटे भाई थे।

# जिस फैक्ट्री में ब्लास्ट, वहां आग से सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

उरला की जिस श्री डी फैक्ट्री में मंगलवार को ब्लास्ट हुआ, उस फैक्ट्री में आग से सुरक्षा का व्यापक इंतजाम नहीं किया गया था। कथित तौर पर जिस नाबालिग की मौत हुई है, बताया जा रहा है वह सिलेंडर बलदलने में एक्सपर्ट नहीं था। मृतक के भाई के अनुसार उनके एक रिश्तेदार के माध्यम से दो वर्ष पूर्व उसका भाई उस फैक्ट्री में काम करने आया था। फैक्ट्री में जिस नाबालिग मजदूर की मौत हुई है, फैक्ट्री प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को 30-30 लाख रुपए मुआवजा राशि देने की घोषणा की है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच कर ही है। शासन ने पूरे घटनाक्रम की जांच के आदेश दिए हैं। ब्लास्ट में मध्यप्रदेश, डिंडौरी के रहने वाले कमल सिंह, लाल सिंह तथा जांजगीर-चांपा निवासी अरुण पाण्डेय की मौत हुई है। तीनों मृतकों का दोपहर ढाई बजे पोस्टमार्टम कर लाश उनके परिजनों के सुपुर्द की गई। घटना के दूसरे दिन पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम घटनास्थल की जांच करने पहुंची थी। बताया जा रहा है, फैक्ट्री में ब्लास्ट होने पर मौके पर उपस्थित मजदूरों के चीथढ़े उड़ गए थे। शरीर के अंग कटकर 20 मीटर दूरी तक फैल गए थे।

### ऐसे हुआ हादसा

कच्चा लोहा को गलाने के लिए एक अलग टैंक लगा था, 14 से 15 सौ डिग्री सेल्सियस में कच्चा लोहा को पिघलाने का काम किया जाता है। कच्चा लोहा को पिघलाकर दूसरे टैंक में डाला जाता है, जिसे ठंडा करने ऑक्सीजन सिलेंडर छोड़ा जाता है। ऑक्सीजन सिलेंडर में लीकेज था। इसकी भनक मृतक अरुण को नहीं लग पायी। उसने ऑक्सीजन सिलेंडर की पाइप को दूसरे सिलेंडर के नोजल में लगाने लगा। लीकेज होने की वजह से गर्म कच्चा लोहा बैक फायर हुआ, इसके बाद ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया।




■ एक मृतक को 30 तथा दो मृतकों के परिजनों को 21-21 लाख मुआवजा

*कांग्रेस ने बनाई जांच समिति :* छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने घटना की जांच करने 8 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति के संयोजक पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया बनाए गए हैं। समिति पीड़ित परिवारों और फैक्ट्री प्रबंधन से चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति का अध्ययन करेगी। इसके बाद अपनी जांच रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी।

### *किसी भी फैक्ट्री में फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं*

*फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि राजधानी के औद्योगिक क्षेत्र उरला, सिलतरा तथा अन्य क्षेत्र में संचालित 80 प्रतिशत फैक्ट्रियों में फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। फैक्ट्री विजिट कर सुरक्षा उपाय के प्रबंध करने निर्देश देने पर फैक्ट्री प्रबंधन अपने रसूख की धौंस दिखाकर दबाव बनवाने कॉल करवाते हैं।*

### इन 10 बिंदुओं पर सेफ्टी उपाय करना है

फायर सेफ्टी के लिए आवश्यक सामान भवन के प्रकार (घर, दुकान, कार्यालय, फैक्ट्री आदि) पर निर्भर करता है, लेकिन सामान्यतः निम्नलिखित उपकरण होने चाहिए, जो इस प्रकार से हैं :

- फायर एक्सटिंग्विशर – आग के प्रकार के अनुसार (एबसी, सीओटू, फोम आदि) उपयुक्त अग्निशामक
- फायर अलार्म सिस्टम – धुआं या आग का पता लगते ही चेतावनी देता है
- स्मोक डिटेक्टर – शुरुआती चरण में धुएं का पता लगाता है
- फायर ब्लैंकेट – छोटी आग या किसी व्यक्ति के कपड़ों में लगी आग बुझाने के लिए
- फायर होज रील – बड़े भवनों में पानी से आग बुझाने के लिए
- फायर बकेट – प्रारंभिक आग बुझाने के लिए
- आपातकालीन निकास संकेत – सुरक्षित निकास का मार्ग दिखाने के लिए
- आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था – बिजली जाने पर निकासी में सहायता के लिए
- फर्स्ट एड – आग से होने वाली मामूली चोटों के लिए
- व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण – जैसे हेलमेट, दस्ताने, सुरक्षा जूते और फेस शील्ड (विशेषकर औद्योगिक स्थानों पर).

## महामाया मंदिर वार्ड : बारिश के सीजन में भी पानी टैंकर से बुझ रही प्यास

# परशुराम नगर, शिवाजी कालोनी मारुति नगर में पेयजल समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर नगर निगम के जोन 6 क्षेत्र स्थित महामाया मंदिर वार्ड की तीन रहवासी बस्तियों में पेयजल की समस्या से वहां के नागरिक परेशान हैं। बारिश के सीजन में इन जलसंकट प्रभावित इलाकों में नगर निगम को पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझानी पड़ रही है।

भुक्तभोगियों का कहना है, शासकीय अवकाश के दिन नगर निगम का पानी टैंकर नहीं आता, इससे उन्हें पीने के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। यह स्थिति वार्ड के परशुराम नगर, मारुति नगर और शिवाजी कालोनी की है। पेयजल संकट से त्रस्त लोगों ने वार्ड पार्षद एवं नगर निगम की उपनेता प्रतिपक्ष जयश्री नायक के साथ बुधवार को निगम मुख्यालय जाकर महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर समस्या के स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

### पाइप लाइन का प्रस्ताव फंड नहीं होने से वापस भेजा

महामाया मंदिर वार्ड पार्षद जयश्री नायक ने हरिभूमि को बताया कि परशुराम नगर, मारुति नगर, शिवाजी नगर इन तीन बस्तियों में बारह महीने पेयजल की समस्या बनी रहती है। नगर निगम के पानी टैंकर भरोसे वे रहते हैं। निगम की ओर से केवल एक पानी टैंकर भेजा जा रहा है, जो लोगों की जरूरत हिसाब से कम है। हमने जोन से जलसंकट प्रभावित कालोनियों में पाइप लाइन डालने का प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय में स्वीकृति के लिए भिजवाया, पर निगम मुख्यालय ने फंड नहीं होने का हवाला देते हुए प्रस्ताव को वापस भेज दिया। परशुराम नगर निवासी रश्मि तिवारी, वर्षा मिश्रा ने बताया कि पेयजल समस्या दूर करने रहवासियों ने निगम आयुक्त से लेकर महापौर तक अपनी समस्या बताई, इसके बाद भी इसका स्थायी समाधान नहीं होने से उन्हें बारिश के सीजन में भी पीने के पानी के लिए टैंकर का इंतजार करना पड़ता है।

**1 करोड़ 80 लाख का नाला बनाने वर्कआर्डर, बिजली पोल शिफ्टिंग नहीं हुई**

**फरवरी में निगम मुख्यालय को भेजा था पाइप लाइन का प्रस्ताव, फंड नहीं होने से फाइल वापस**



■ प्रभावित कालोनियों के रहवासियों ने वार्ड पार्षद जयश्री नायक के साथ महापौर को सौंपा ज्ञापन

### नाला निर्माण में विद्युत पोल शिफ्टिंग पर जल्द होगा काम

महामाया मंदिर वार्ड की 3 कालोनियों को जलभराव से राहत दिलाने नाला निर्माण होगा, इस कार्य में बाधक बन रहे स्ट्रीट पोल की विद्युत विभाग द्वारा शिफ्टिंग कराई जानी है, हमने संबंधित जोन आयुक्त को निर्देशित कर डिमांड बिल में आयुक्त से हस्ताक्षर का कार्य पूरा करवा दिया है। एक दो दिन में विद्युत विभाग द्वारा इस कार्य के लिए टेंडर लगने के बाद जल्द काम शुरू होगा।

– **मीनल चौबे**, महापौर, नगर निगम रायपुर

### जलभराव से बचाव के लिए नाला बनाने टेंडर, 3 माह बाद भी काम शुरू नहीं

प्रोफेसर कालोनी, परशुराम नगर, शिवाजी नगर और मारुति कालोनी के रहवासी बारिश के सीजन में जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। जोन से महामाया मंदिर वार्ड को जलभराव से स्थायी राहत दिलाने नया नाला निर्माण के लिए 1 करोड़ 80 लाख का ऑनलाइन टेंडर हुआ, पर 3 माह बीतने के बाद भी नाला निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। अधोसंरचना मद से इसके लिए राशि की मंजूरी मिली है। यह नाला गणपत सिंधी स्कूल से दंतेश्वरी मंदिर कुशालपुर तक बनाया जाएगा, पर नाला निर्माण वाले मार्ग में 15 से 17 स्ट्रीट पोल आने से इसकी शिफ्टिंग कराए बिना कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। जोन 6 कमिश्नरी ने निगम मुख्यालय में पोल शिफ्टिंग कार्य के साथ सुपरविजन चार्ज शिफ्टिंग कास्ट का इस्टीमेट बनाकर 4 लाख रुपए की राशि जमा कराई है, पर विद्युत विभाग द्वारा स्ट्रीट पोल शिफ्टिंग में देर होने से तीनों बस्तियों में गंदा पानी घुसने की समस्या बनी हुई है। इसी संबंध में वार्ड के रहवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

# शिक्षक ही ऑनलाइन हाजिर! नाराज डीपीआई ने कहा- आदेश सभी के लिए, उपस्थिति ऐप पर ही मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के स्कूलों में एक जुलाई से लागू उपस्थिति संबंधित नए नियम के बाद डीपीआई ने अपनी नराजगी जाहिर की है। नए नियम के अनुसार स्कूलों में वीएसके ऐप के माध्यम से उपस्थिति अनिवार्य है, लेकिन केवल शिक्षक ही इसका उपयोग कर रहे हैं। गैर-शैक्षणिक कर्मचारी अभी भी पंजीयक में ही हस्ताक्षर कर रहे हैं।

अपने आदेश में डीपीआई ने कहा है, विभागांतर्गत संचालित शासकीय शालाओं में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को आनलाइन उपस्थिति के लिए वीएसके ऐप का उपयोग करने निर्देशित किया गया है। जुलाई के प्रथम सप्ताह तक रिपोर्ट के अवलोकन से ज्ञात हुआ है कि गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा उपरोक्त एप के माध्यम से आनलाइन उपस्थिति नगण्य है। डीपीआई ने शिक्षा संभाग के सभी संयुक्त संचालकों तथा जिला शिक्षा अधिकारियों को अधीनस्थ समस्त शालाओं में कार्यरत गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का पंजीयन एप में कराते हुए, उनकी उपस्थिति इसके माध्यम से सुनिश्चित करने कहा गया है।

### विलंब से पहुंचने की शिकायत

पंजीयक के जरिए उपस्थिति दर्ज कराए जाने की स्थिति में रियल टाइम मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है। शिक्षक तथा अन्य कर्मचारियों के विलंब से पहुंचने संबंधित शिकायत के कारण बायोमैट्रिक्स अटेंडेंस को अनिवार्य किया गया है। राजधानी में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। किंतु दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों के अनुपस्थित रहने और शाला के शिक्षकव विहीन रहने जैसे घटनाएं कई बार आ चुकी हैं।

### विधायकों से नटकी में आवास ना लेने अनुरोध करेगी आप

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी नकटी गांव में हुई कार्रवाई के विरोध में राज्यव्यापी अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत 8 जुलाई को प्रत्येक विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विधायक से मुलाकात कर उनसे लिखित सहमति-पत्र प्राप्त करने का प्रयास करेगा कि वे गरीबों की जमीन और उजड़े हुए आशियानों पर बनने वाले प्रस्तावित विधायक निवास को स्वीकार नहीं करेंगे। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के सभी प्रदेश पदाधिकारियों सभी कार्यकर्ताओं से इस अभियान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

# बंद अकाउंट का चेक देकर किसानों की कृषि भूमि अपने नाम कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पुलिस कमिश्नर, एसएसपी को ज्ञापन सौंप कर की एफआईआर दर्ज करने की मांग

गोबरा नवापारा के किसानों की रायपुर के जमीन दलालों ने बंद अकाउंट का चेक देकर कृषि भूमि अपने नाम करा ली है। किसान पुलिस कमिश्नर तथा ग्रामीण एसपी के पास ज्ञापन सौंप कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

शिकायत के अनुसार आवेदक किसान देवनाथ कंसारी और अन्य की भूमि का सौदा लगभग 11.10 करोड़ में तय किया गया था। जमीन दलाल ने किसानों को विश्वास में लेकर विभिन्न बैठकों के माध्यम से सौदा कराया तथा बयाना राशि के रूप में 1-1 लाख रुपए के पांच चेक दिए। बाद में यह जानकारी सामने आई कि उक्त चेक किसी अन्य के खाते से जारी किए गए थे। शिकायत में किसानों ने आरोप लगाया गया है कि किसानों को यह विश्वास दिलाया गया कि उनके पक्ष में करोड़ों रुपए का भुगतान किया जाएगा, किंतु कथित रूप से बंद बैंक खाते के करोड़ों का चेक देकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए गए।

## बिजनेस साइट

### शिक्षा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी निभाई सुयश हॉस्पिटल ने स्कूल को दिए सीलिंग फैन



**रायपुर।** सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए सुयश हॉस्पिटल ने अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल, मोहबा बाजार में 10 सीलिंग फैन भेंट किए। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुविधाजनक शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है।

यह सेवा कार्य सुयश हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. नितिन गोयल, डॉ. विवेक केशरवानी और डॉ. मनोज लाहोटी के मार्गदर्शन में तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शिजू सेबेस्टियन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य समाज के विकास के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी सोच के साथ यह सहयोग प्रदान किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने सुयश हॉस्पिटल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में सीलिंग फैन मिलने से विद्यार्थियों को राहत मिलेगी और पढ़ाई के लिए अधिक अनुकूल वातावरण उपलब्ध होगा। अस्पताल प्रबंधन ने भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास से जुड़े जनहितकारी कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## पेज 09 के शेष ...

### जिनके आलीशान...

**दावा-आपत्ति की तारीख खत्म :** जनपद पंचायतों में दावा-आपत्तियां 24 से 6 जून तक मंगाई गई है। इस तरह सोमवार को इसका अंतिम दिन था। इसके बाद अब दावा-आपत्ति नहीं ली जाएगी। हालांकि इन दावा-आपत्तियों में ऐसी कई शिकायतें जनपद पंचायतों तक पहुंची है, जिनमें पात्र हितग्राहियों के नाम शामिल नहीं करने तथा अपात्रों के नाम शामिल कर दिए हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि आरंग ब्लॉक की बात करें तो इस क्षेत्र के ग्राम भानसोज एवं रसनी में ऐसे अपात्र लोगों के नाम सूची में हैं, जिनके खुद के परिवार के सदस्यों के नाम पर आलीशान मकान से लेकर कई एकड़ जमीनें ऑनलाइन रिकार्ड में दर्ज है। **सामान्य सभा में हंगामा होने के आसार:** जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक 10 तारीख को बुलाई गई है। इस बैठक में पीएम आवास प्लस 2.0 योजना की लिस्ट को लेकर हंगामा होने के आसार है। जिला पंचायत के कई सदस्य इस लिस्ट को लेकर नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं, क्योंकि सूची में पात्र लोगों के नाम शामिल नहीं हैं।

### एमबीबीएस की 1430 ...

खोले जाने वाले कबीरधाम चिकित्सा महाविद्यालय की योजना पुरानी है।

**तीन नए कालेज को मान्यता प्रबल:** पंडित जवाहर लाल नेहरु समृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की 230 सीटों पर एडमिशन दिया गया था। इस 20 सीट बढ़ाने का आवेदन किया गया है। वहीं प्रस्तावित पांच में से तीन कालेजों को मान्यता मिलने की उम्मीद काफी है। इनमें कबीरधाम दंतेवाड़ा और जांजगीर-चांपा को जिला अस्पताल की बदौलत 50-50 सीटों को मान्यता मिलने की संभावना है।

**डिसीजन का इंतजार :** एनएमसी प्रस्तावित नए कालेजों का निरीक्षण कर चुकी है, उनके डिसीजन का इंतजार किया जा रहा है। पुराने कालेजों की सीटें रिनीवल की जा चुकी है। रितेश अग्रवाल, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त

### रागी फसल प्रदर्शन में ...

का उल्लेख है। हरिभूमि ने जब इस रिपोर्ट के आधार पर सूची में शामिल रागी की फसल लगाने वाले कई किसानों से बातचीत की, तो पता चला कि उनमें कईयों को रागी का बीज ही उपलब्ध नहीं कराया गया है, वहीं कुछ किसानों का कहना है कि फसल लगाने के लिए विभाग के अधिकारियों ने संपर्क साधा था, लेकिन रागी की खेती के अनुकूल कृषि भूमि नहीं होने के कारण फसल लगाई नहीं, इसलिए बीज भी लिया नहीं। इससे पता चलता है कि फसल प्रदर्शन की जो सूची बनाई गई है, उसमें गड़बड़ी है। **धरसींवा 52, आरंग 41, तिल्दा 46, अभनपुर में 47 किसानों के नाम शामिल :** विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 157.8 हेक्टेयर रागी फसल प्रदर्शन के लिए 186 किसानों का चयन किया था। इनमें धरसींवा में 52, आरंग में 41, तिल्दा में 46 एवं अभनपुर विकासखंड क्षेत्र में 47 किसानों के नाम शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार इन किसानों ने न्यूनतम 0.20 हेक्टेयर से लेकर अधिकतम 2.00 हेक्टेयर तक रागी की फसलें लगाई थीं। **केसः1 :** तिल्दा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखना निवासी तोरणलाल साहू ने बताया कि पिछले वर्ष रागी की फसल का उत्पादन नहीं किया है, क्योंकि उन्हें रागी का बीज ही नहीं मिला था। उसने सिर्फ धान की फसल लगाई थी। सूची में उसका नाम कैसे है, इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है। **केसः2 :** ग्राम पर्सवानी निवासी दशरथलाल निषाद ने बताया कि उसके गांव में रागी फसल का उत्पादन कोई नहीं करता। उनके गांव की कृषि भूमि रागी की फसल के अनुकूल नहीं है। रागी फसल के लिए पिछले वर्ष विभाग के अधिकारियों ने संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया।

**कोई शिकायत नहीं मिली :** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा रागी फसल प्रदर्शन के लिए किसानों का चयन, बीज वितरण एवं फसल प्रदर्शन की रिपोर्ट बनाई जाती है। इसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली है। - सतीश अवस्थी, उप संचालक, कृषि विभाग

**जांच की मांग की जाएगी :** रागी की फसल प्रदर्शन में किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा हुआ है, तो इसकी जांच की मांग की जाएगी। - स्वाति वर्मा, सदस्य, जिला पंचायत रायपुर

### फिलहाल स्थानीय प्रभाव...

के चांस बेहद कम हैं। बुधवार को राजधानी के ऊपर काले बादल छाए रहे, मगर यह बूंदाबांदी जैसी स्थिति में सिमटकर रह गए। बुधवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो राज्य में सबसे ज्यादा है। पर्याप्त मात्रा में बारिश होने की वजह से जुलाई में तापमान ज्यादा तो नहीं चढ़ेगा, मगर उमस भरी गर्मी लोगों को जरूर प्रभावित करेगी।

### एयरपोर्ट पर खुलेगी...

अन्य भाषाओं की किताबें, बच्चों के कॉमिक्स, टूरिस्ट बुक, ज्ञानवर्धक एवं साहित्यिक किताबें उपलब्ध रहेंगी। यात्री इसका उपयोग अपने सफर के दौरान कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें यात्रा खत्म होने वाले विमानतल पर उसे जमा कराना होगा। उन्होंने बताया कि विमानतल पर रात में रोशन करने के लिए तमाम स्ट्रीट लाइट को बदला गया है। टर्मिनल के सामने आने वाले वाहनों के लिए 6 लेन की सुविधा के साथ पाथ-वे को भी चौड़ा किया जाएगा।

### भूल सुधार

7 जुलाई को हरिभूमि रायपुर संस्करण में रायपुर भूमि में प्रकाशित ईश्तहार क्रमांक/647/नामा/ न.प./2026-27 की जगह त्रुटिवश क्रमांक/B47/ नामा/ न.प./2026-27 प्रकाशित हो गया है, जिसे सुधारकर क्रमांक/647/नामा/ न.प./2026-27 पढ़ा जावें।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /: / अ-6 / वर्ष 2025-26
ग्राम सेजबहार, प.ह.नं. 82 तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
दिनांक 07/07/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती संतोषिनी सतपथी पति संतोष सतपथी निवासी पुलिस लाईन रायपुर द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम सेजबहार, प.ह.नं. 82, रा.नि.मं. कांदुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित ख.नं. 447/36 का भाग रकबा 800 वर्गफुट भूमि विक्रेता श्री जानकी प्रसाद गुप्ता पिता भैरव प्रसाद गुप्ता निवासी पण्डरीतराई से क्रय कर दाखिल व काबिज है। आवेदिका द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 23.07.2013 को पंजीकृत किया गया है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत बैनामा के आधार पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदिका अपना नाम राजस्व अभिलेख दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति होतो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 29/07/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो कर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 07/07/2026 को जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 03.07.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिरदा प.ह.नं. 76 रा.नि.म. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक राजीव साहू पिता राजेन्द्र साहू निवासी सेरीखेड़ी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 15026 रकबा 0.1150 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. / वाचक/ अति. तहसीलदार/ वर्ष 2026 आदेश दिनांक 22.06.2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 10.07.2026 को समय 01:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर-20, तहसील-रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. / / अ / 6 अ वर्ष 2025-26
धरसींवा, दिनांक 21/06/2026

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक रमेश यादव पिता भिखम यादव निवासी ग्राम कारा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन अंतर्गत धारा 115 छ.ग. भू. राजस्व संहिता 1959 वास्ते अभिलेख त्रुटि सुधार बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम कारा, प.ह.न. 31 रा.नि.म. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.न. 48/1 रकबा 0.4250 हे., ख.न. 55/2 रकबा 0.0530 हे., ख.न. 68/2 रकबा 0.0280 हे. भूमि श्रीराम पिता बोदूराम, हेमीन पति भीखम, केसरी लाल यादव पिता भीखम, सूरज यादव पिता कान्तू, मंजू, माया, कचरी बाई पति रामखिलावन, पंचबती यादव पिता समारू यादव, अर्जुन पिता बिसहत यादव, बुधराम पिता ईतवारी, नकूल यादव पिता बिसहत यादव, सहदेव यादव पिता बिसहत यादव, सुखरू यादव पिता बिसहत यादव, ममता यादव पिता सान्ता यादव, केशव यादव, किरण यादव, रोहित यादव पिता सान्ता यादव, कुमारी पिता ईतवारी, विमला पिता ईतवारी यादव, संतोष कुमार यादव पिता भिखम, कांति बाई पिता भीखम, कमलेश कुमार यादव पिता भीखम, रमेश यादव पिता भीखम, गौरी बाई यादव पिता बोदूराम, राधा पिता बोदूराम, प्रदीप कुमार यादव पिता रामखिलावन, हरी राम यादव पिता रामखिलावन उर्मिला यादव पिता कान्तू, धनेश यादव पिता कान्तु, द्रोपती यादव पिता कान्तु के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसमें बुधराम पिता ईतवारी एवं धनेश यादव पिता कान्तू का नाम त्रुटिवश दर्ज है, जिसके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में नाम बुधार यादव पिता इतवारी यादव एवं हनीश यादव पिता कान्तू यादव है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से बुधराम उर्फ बुधार तथा धनेश उर्फ हनीश यादव दर्ज कर अभिलेख सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 10/07/2026 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.न. -00027 गिरहोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD20252644163290041

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00027 के अंतर्गत ग्राम गिरहोला के वर्तमान भूमिस्वामी राजू पिता/पति-पिता पूरणलाल पता- नि. गुढियारी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 451/2(0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विजय कुमार शर्मा पिता/पति-श्याम लाल शर्मा पता- एम.आई.जी. 28, प्रेम पार्क, फेस-2, महावीर नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी. विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार : SITA SHUKLA, तहसील – अभनपुर



# विधि विवि में लड़कों से अधिक दाखिले लड़कियों के, पहली बार यूजी-पीजी दोनों में दबदबा

*हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ने वर्ष 2026 में दाखिला लेने वाले छात्रों के आंकड़े सार्वजनिक किए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, इस बार स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों ही स्तर पर प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों में लड़कियों की संख्या अधिक है। स्नातक (यूजी) कार्यक्रम में 55 प्रतिशत छात्राओं ने प्रवेश लिया है, जबकि स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रम में 54 प्रतिशत छात्राएं नामांकित हुई हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्वविद्यालय के इतिहास में यह अब तक की सर्वाधिक महिला भागीदारी है। साथ ही, सात दिव्यांग विद्यार्थियों ने यूजी तथा पांच दिव्यांग विद्यार्थियों ने पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश लिया है। नए बैच में देशभर के 21 राज्यों के छात्रों ने दाखिला लिया है। वहीं नए बैच के लिए सप्ताहभर चलने वाले इंडक्शन प्रोग्राम की शुरुआत प्रबंधन द्वारा की गई है।

नवप्रवेशी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो.वीसी विवेकानंदन ने छात्रों से विविधता को अपनाने, लैंगिक संवेदनशीलता को जीवन का हिस्सा बनाने और केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित न रहकर मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। रूल ऑफ लॉ केवल कानून की धाराओं का संग्रह नहीं, बल्कि एक ऐसा मूल्य है जिसे हर व्यक्ति को अपने जीवन में पहले अपनाना चाहिए। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा, रूल ऑफ लॉ की प्रैक्टिस करने से पहले उसे अपने जीवन में जीना सीखिए।

अलग खबर

### सात दिव्यांग विद्यार्थियों ने यूजी तथा पांच दिव्यांग विद्यार्थियों ने पीजी में लिया प्रवेश



**बैच 2026 में यूजी में 55% तथा पीजी में 54% छात्राएं**

### साधारण परिवार को भी मौका

*एचएनएलयू के डिस्टिंग्विश्ड ज्यूरिस्ट प्रोफेसर, नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद तथा नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली के संस्थापक कुलपति प्रो.रणबीर सिंह ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि विधि शिक्षा ने अनगिनत साधारण परिवारों के युवाओं को असाधारण उपलब्धियां हासिल करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि पहले के समय में लोग संयोगवश विधि शिक्षा की ओर आते थे, जबकि आज नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज के आने से यह युवाओं के लिए एक जागरूक विकल्प और कॅरियर की पहली पसंद बन चुकी है।*

### प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को मिलेंगे आधुनिक डाइनिंग हॉल

*प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक डाइनिंग हॉल तथा नवनिर्मित बोर्ड बनाए गए हैं। प्रबंधन के मुताबिक, विद्यार्थियों के रहने और सीखने के अनुभव को बेहतर बनाना तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को और सशक्त बनाने यह निर्माण किया गया है। गौरतलब है, सप्ताहभर चलने वाले इंडक्शन प्रोग्राम के दौरान विद्यार्थियों के लिए अनेक औपचारिक और अनौपचारिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें अभिभावकों और विद्यार्थियों की संयुक्त म्यूजिकल ईवनिंग, हेल्थ एंड वेलनेस सत्र, खेल गतिविधियां, पूर्व छात्रों के साथ संवाद तथा जेंडर सेंसिटाइजेशन एवं इन्क्लूसिव कैंपस कल्चर विषय पर विशेष कोलोक्वियम शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### माय भारत जिला समन्वय समिति की पहली बैठक हुई



**रायपुर।** युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शैक्षणिक संस्थानों और प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस कॉन्फ्रेंस हॉल में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में माय भारत जिला समन्वय समिति की पहली बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन, माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी, जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष (एचओडी) तथा प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिकतम युवाओं को माय भारत से जोड़कर उन्हें माय भारत यूथ वॉलंटियर्स के रूप में पंजीकृत करना तथा राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष फोकस युवाओं पर है और माय भारत युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यूथ पार्लियामेंट जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है, जिससे उनका स्टेज फियर दूर होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

### सीएम हेल्पलाइन से दिव्यांग को मिली बैटरी चलित ट्राइसाइकिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से अब दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राइसाइकल भी मिलने लगी है। विकासखंड आरंग के ग्राम गोरभाठा निवासी दिव्यांग छन्नूराम यादव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत की थी। इस शिकायत पर 24 घंटे के भीतर छन्नूराम को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई।

# 1500 वर्गफीट पर बिना अनुमति बना व्यावसायिक भवन तोड़ा

*डूंडा में 5 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग नींव तोड़कर लगाई रोक*

*नगर निगम जोन 5 की नगर निवेश टीम ने बुधवार को 1500 वर्गफीट जमीन पर बिना अनुमति जी प्लस 1 में निर्मित व्यावसायिक भवन को जेसीबी लगाकर तोड़ा। यह भवन कुशालपुर रिंग रोड नंबर 1 में सुनील खंडेलवाल द्वारा बिना अनुमति निर्माण कराया जा रहा था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहले नियम अनुसार अवैध निर्माण हटाने नोटिस दिया गया, इसकी अनदेखी होने पर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में जोन के नगर निवेश विभाग की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी से अवैध निर्माण तोड़ने में तत्परता दिखाई। इधर जोन 10 के डूंडा क्षेत्र में करीब 5 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर जोन 10 की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध मुरुम रोड काटकर एवं नींव तोड़कर इस पर रोक लगाई। राजधानी में अवैध कमर्शियल भवन पर नगर निगम ने बुलडोजर चलाया है। कुशालपुर रिंग रोड में नगर निगम से अनुमति लिए बिना 1500 वर्गफीट भूमि पर अवैध निर्माण पर नोटिस भी जारी हुआ था। रायपुर नगर निगम ने अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए इस व्यावसायकि भवन को तोड़ दिया।

निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 5 नगर निवेश विभाग ने यह कार्रवाई की। अधिकारियों के मुताबिक भवन का निर्माण सुनील खंडेलवाल ने नगर निगम से बिना अनुमति के निर्माण कराया था। कार्रवाई से पहले निर्माणकर्ता को नियम अनुसार नोटिस जारी किया गया।

इसके बाद जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, नगर निवेश विभाग के उप अभियंता टिकेंद्र चंद्राकर और नगर निगम कर्मचारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध निर्माण को तोड़ा।

### जोन 5 कमिश्नरी ने नोटिस के बाद पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी से अवैध निर्माण तोड़ा

कुशालपुर रिंग रोड नंबर एक में सुनील खंडेलवाल द्वारा बिना अनुमति निर्माण



*वहीं नगर निगम जोन 10 क्षेत्र के बाबू जगजीवन राम वार्ड अंतर्गत डूंडा में ममता विहार क्षेत्र के समीप करीबन 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर जोन के नगर निवेश विभाग की टीम ने स्थल पर पहुंचकर वहां निर्मित की गई अवैध मुरम रोड को जेसीबी मशीन से काटकर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। इसके साथ ही वहां जाने का मार्ग बाधित किया, साथ ही स्थल पर अवैध नींव को तोड़ा गया।*

### तहसीलदार को लिखा पत्र

*अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग को लेकर नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग द्वारा रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर संबंधित भूमि के वास्तविक स्वामी के संबंध में जानकारी शीघ्र देने अनुरोध किया गया है। जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता गजानंद कंवर, सहायक अभियंता सुशील अहीर, उप अभियंता नवीन शर्मा, कार्य सहायक जितेंद्र कौशिक की उपस्थिति में अभियान चलाया गया।*

### विनोबा कार्यक्रम के नवाचारी शिक्षकों का सम्मान

*रायपुर। जिला प्रशासन रायपुर द्वारा संचालित पढ़े रायपुर, लिखे रायपुर और बढ़े रायपुर अभियान के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार के लिए कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। विनोबा कार्यक्रम के माध्यम से उन शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट हैम्पर प्रदान किए गए जिन्होंने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए कहानी वाचन, कविता वाचन, टीएलएम निर्माण एवं उसके प्रभावी उपयोग जैसे नवाचारों से सीखने सिखाने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावी बनाया है। कार्यक्रम में कलेक्टर गौरव सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन ने उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया।*


online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411





Education CG SPECIAL Hub

कोटा स्टडी सर्किल ब्रांच भिलाई तथा रायपुर में ड्रापर नीट, जेईई एवं पी.ई.टी. के अंतिम बैचेस में प्रवेश प्रारंभ

IIT-JEE Mains/ Advance Star Performers



Buha Deep 99.93% | Mayank Gupta 99.93% | Amit Singh 99.91% | S. Rajkumar 96.00%

NEET Star Performers



Chitendra Sahu 611/720 GMC | Subhasni Sahu 548/720 GMC DURG | Deepika Chandra 647/720 GMC RAIPUR | Vivek Kumar Verma 568/720 GMC RAJNANDGAON | Remmy Roy 609/720 GMC DURG

कोटा स्टडी सर्किल भारत सरकार के द्वारा रजिस्टर्ड एवं आइसो सर्टिफाइड तथा राजस्थान से संबंधित एक उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान है। जहां विगत 17 वर्षों से नीट तथा जी ई ई के परीक्षाओं की तैयारी कोटा ट्रेंड एवं एवं बहुत ही अनुभवी टीम द्वारा फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी एवं मैथ्स विषय की तैयारी गहनता से कराई जाती है। परिणाम स्वरूप यहां के छात्र अपनी अलग पहचान बनाते हैं। चाहे वह बोर्ड परीक्षाएं हो अथवा नीट एवं जीईई, कोटा स्टडी सर्किल ने विगत 17 वर्षों में राष्ट्र को होनहार डॉक्टर एवं इंजीनियर दिए हैं जो देश-विदेश में अपनी सेवाएं देकर अपने गुरुजन माता-पिता तथा संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही माध्यम के छात्रों के लिए समान सुविधा उपलब्ध होती हैं। यहां का स्टडी मेटरियल तथा ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज इतना अच्छा होता है कि 100% परसेंट क्वेश्चंस आने की संभावना होती है। क्योंकि इस तरह डिजाइन किया जाता है कि अगर क्वेश्चन पेपर बनाने वाला एग्जामिनर किसी भी तरह एंगल से क्वेश्चन पूछे तो वह बन जाए, यहां समय-समय पर आत्मआकलन करने के लिए नीट तथा जीईई बेस्ड मॉक टेस्ट कराए जाते हैं। जिसका छात्रों को फायदा होता है तथा ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो कि घर अथवा हॉस्टल में पढ़ाई का माहौल न होने के कारण डिस्टर्ब रहते हैं उनके लिए कोटा स्टडीज सर्कल में एक बेहतरीन लाइब्रेरी उनके पढ़ने के लिए व्यवस्थित की गई है। तथा डीपी पी की प्रैक्टिस कक्षा में ही कर दी जाती है।

जिससे कि वह आने वाले क्वेश्चंस के लिए पहले से तैयार रहते हैं। एवं समय रहते खुद को प्रिपेयर कर पाते हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां क्लास में क्लास के साथ-साथ ही डीपीपी के थ्रू छात्रों को आने वाली परीक्षाओं की पहले से तैयारी कराई जाती है। कोटा स्टडी सर्किल में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गर्ल्स तथा बॉयज के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल तथा रहने के साथ-साथ मैस की सुविधा का भी ध्यान रखा जाता है। यहां फीस भी बहुत ही उचित ली जाती है जिससे कि पेरेंट्स के ऊपर कोई अतिरिक्त वर्णन ना आए।

यहां पर आपको माहौल देखने को मिलेगा की आपका बच्चा भिलाई अथवा रायपुर पढ़कर ही राजस्थान कोटा अथवा दिल्ली में स्थित सारी सुविधाओं को छत्तीसगढ़ के भिलाई तथा रायपुर में रहकर प्राप्त कर रहा है।

कोटा स्टडी सर्किल में ड्रॉपर बैजेस 12 तथा 15 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। जहां प्रत्येक बैच में लिमिटेड सीट रखी गई है।

पलक रायपुर में आरसी कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में कोटा स्टडी सर्किल तथा भिलाई में न्यू सिविक सेंटर कोटा स्टडी सर्किल में आकर संपर्क कर सकते हैं।

TM Registration No. 3091296
ISO CERTIFIED 9001 : 2008 CERTIFIED INSTITUTE
KOTA STUDY CIRCLE®
Where we shape the career



नीट तथा JEE के पृथक-पृथक बैच, हिन्दी तथा अंग्रेजी के पृथक-पृथक बैच
कोटा स्टडी मटेरियल ऑल इण्डिया टेस्ट सीरिज गर्ल्स तथा ब्वायस के पृथक-पृथक बैच

X & XII Result



Bhupendra Sahu 94.6%, 10th | Preney Sahu 94%, 10th | Harkita Sinha 94%, 10th | Avinash Naanaday 90.8%, 10th | Ritika Soni 90.4%, 12th | Priyansh Aanand 94.4%, 12th

कोटा रायपुर ब्रांच : R.K.C. कालेज के सामने, जी.ई.रोड रायपुर
कोटा भिलाई ब्रांच : बि. नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
Contact : 90985 34927, 79877 91795




### अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत् कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है।

संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए
फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ (2025-2026)



AVAILABLE COURSES
- Fire Technology & Industrial Safety
- Industrial Safety Management
- Health Sanitary Inspector
- Sub Fire Officer
- B.sc in Fire, safety
- PG in Fire Technology & Industrial Safety
- Certificate in Fireman
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety

गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क में छूट
एडमिशन हेल्पलाइन : 76972-12782
फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
मान्यता प्राप्त संस्था भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023
fsdmi cg | fsdmi bhilai | fsdmi_bhilai
12 वर्षों से आपकी सेवा में



### रोजगार हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कम शुल्क में संपूर्ण तकनीकी शिक्षा



एस. एम. उमक

बेरोजगारों के उज्जवल भविष्य के लिए अल्प समय में रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु पावर हाउस भिलाई में स्थित 39 वर्ष पुरानी इंदु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट एक अति विश्वसनीय संस्था है। जो आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है। जहां प्रेक्टिकल आधारित कोर्स कराये जाते हैं। अतः प्रशिक्षण के बाद प्रेक्टिस करने की आवश्यकता नहीं होती है जिनका लाभ लेते हुए प्रतिवर्ष सैकड़ों बेरोजगार अपने पैरों पर खड़े होकर समाज और परिवार में सम्मान हासिल कर रहे हैं। संस्था छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करती है साथ ही इनकी नौकरी हेतु भी प्रयास करती है। संस्था में समय-समय पर तकनीकी कंपनियां तथा प्लेसमेंट एजेंसी जॉब हेतु संपर्क स्थापित करती है। इस तरह छात्रों को नौकरी भी प्राप्त हो जाती है।संस्था में मोबाईल हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल, फ्रिज-एसी, इन सभी विषयों का प्रेक्टिकल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट एकमात्र संस्था है जो तकनीकी प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के आधुनिक एनीमेशन का उपयोग करती है इससे कोर्स सरलता से छात्र-छात्राओं की समझ में आ जाते हैं चूंकि सभी कोर्स प्रेक्टिकल आधारित है तथा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रेक्टिकल दिया जाता है अतः शैक्षणिक योग्यता का कोई मापदंड नहीं है किसी भी स्तर के छात्र-छात्राएं इन कोर्सेस को सरलता से पूर्ण कर सकते है। यदि छात्र-छात्राएं निश्चित अवधि में कोर्स पूर्ण नहीं कर पाते है और उन्हें अतिरिक्त समय भी लगता है तो अतिरिक्त समय हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता अर्थात छात्र जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता तब तक बिना अतिरिक्त शुल्क लिए कोर्स कराया जाता है। इसके अतिरिक्त भविष्य में छात्र-छात्राओं को कोर्स से संबंधित समस्या आने पर वह निःशुल्क परामर्श ले सकते है। संस्था द्वारा कोर्स के पश्चात भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है सभी कोर्स सरल हिन्दी में कराए जाते हैं प्रशिक्षण अवधि में छात्रों को प्रेक्टिकल हेतु संपूर्ण सामग्री टूल्स एवं मटेरियल संस्था द्वारा दिया जाता है जिससे पालक पर ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई बोझ नहीं होता। फीस के बारे में कहा जा सकता है कि जेब खर्च के बराबर फीस अर्थात् अत्यंत कम शुल्क में ये कोर्स कराये जाते हैं। संस्था में प्रेक्टिकल से भरपूर प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए यहां संपूर्ण छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उड़ीसा आदि के साथ-साथ नेपाल से भी छात्र आते हैं। बाहरी छात्रों हेतु संस्था का छात्रावास है।संस्था पावर हाउस बस स्टैंड एवं पावर हाउस रेलवे स्टेशन से अत्यधिक नजदीक होने से रायपुर, तिल्दा नेवरा, भाटापारा, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, दल्ली राजहरा रेल लाईन तक के प्रशिक्षणार्थी अप-डाउन कर कोर्स करते हैं। संस्था अपने सभी तकनीकी कोर्स पार्ट-टाईम अथवा फुलटाईम में संचालित करती है। जिससे नौकरी करने वाले शिफ्ट के अनुसार समय परिवर्तित कर प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रतिदिन 1.30 घंटे का समय देकर भी कोर्स किए जा सकते हैं। इस सेंट्रली एयर कुल्ड संस्था में प्रत्येक लैब में लगे कैमरों से संचालक द्वारा आडियो-विडियो मॉनिटरिंग की जाती है। इस तरह संस्था सभी दृष्टि से छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित एवं प्रयासरत है। जिसका लाभ उठाते हुए छात्र-छात्राएं कम फीस में भरपूर प्रेक्टिकल का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर हो सकते है एवं सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकते है। नोटः महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था। संस्था में आने हेतु भिलाई पावर हाऊस के बस स्टैंड या पावर हाऊस स्टेशन पर उतरना होगा। संस्था की संपूर्ण जानकारी हेतु फोन करें।

(NGO सामाजिक संस्थाएं यदि युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते है तो संस्था उन्हें विशेष छूट और सहयोग प्रदान करती है।)

हमारी संस्था की कोई अन्य शाखा नहीं है।
www.indutechnical.com
मो.: 98271 94279
8770222654 74156 74157
पर संपर्क किया जा सकता है।

समय का सदुपयोग-आय का साधन-प्रशिक्षण जो रोजगार दिलाए

**मोबाईल सर्विसिंग कोर्स**
कोर्स में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में इलेक्ट्रानिक्स कम्पोनेट, कम्प्युटर ऑपरेटिंग, एंटी वायरस, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, टच स्क्रिन व एन्ड्राइड मोबाईल, अनलॉकिंग, फ्लेशिंग, कार्ड राइटिंग, ब्लू-टूथ मोबाईल ओपनिंग-फिटिंग, सोल्डरिंग-डिसोल्डरिंग, बॉल आई.सी., प्लाटिंग एवं फॉल्ट फाईडिंग करवाई जायेगी।

**कम्प्यूटर हार्डवेयर**
महानगरी स्तर की शिक्षा कम शुल्क में
कोर्स में लेपटॉप, डेस्क टॉप प्रिंटर, मॉनीटर, स्केनर, SMPS पावर सप्लाई रिपेयरिंग, बेसिक इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर असेम्बिलिंग एवं ट्रबलशूटिंग भी। भरपूर प्रेक्टिकल कम्प्यूटर से एनीमेशन द्वारा विशेष जानकारी।

**इलेक्ट्रिकल कोर्स**
वायरिंग, मोटर रिवाइंडिंग (1/2 से 27 एच.पी. तक) एवं घरेलु उपकरण वाशिंग मशीन मिक्सी, गिजर, कूलर, पंखे, लाईट, डेकोरेशन, जेट पंप, मोनो ब्लॉक पंपसेट, सबमर्सिबल पंप, टुल्लु पंप, मोटर स्टॉटर, पेनल बोर्ड, वेल्डिंग ट्रांसफारमर आदि का गारंटेड प्रशिक्षण।

**इलेक्ट्रानिक्स कोर्स**
एफ.एम. रेडियो, इंडक्शन चूल्हा, एलईडी, एलसीडी एवं सीआरटी टीवी पर प्रेक्टिकल आडियो, विडियो एमपी-3 सीडी प्लेयर, डीवीडी, होम थियेटर, डी.टी.एच., सिस्टम, इन्वर्टर का गारंटेड प्रशिक्षण।

**फ्रीज व एसी कोर्स**
फ्रिज (फ्रास्ट फ्री एवं नान फ्रास्ट), विंडो एसी, स्प्लीट एसी, ऑटो मोबाइल (कार) एसी, पैकेज (डक्टिंग) एसी, डीप फ्रीजर, चिल्ड वाटर सिस्टम, बॉटल कूलर, मिठाई के शोकेस का पूर्ण प्रेक्टिकल, गैस चार्जिंग सामान्य एवं आधुनिक गैस चार्जिंग स्टेशन दोनों पद्धतियों से।

छात्रावास सुविधा | स्थापना वर्ष 1987 | रविवार अवकाश

इन्दु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट
टी-मार्केट, पावर हाउस, भिलाई मो.: 98271-94279, 74156-74157

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



सिर पर कलश लेकर निकलीं 21....

लाइव इवेंट

## ऑपरेशन सिंदूर : सेना ने चुनौती को स्वीकारा, अपनाई तकनीक

रायपुर। ऑपरेशन सिंदूर विषय पर बुधवार को ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा, सेना मेडल, कमांडर, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया ने रायपुर एम्स में भावी चिकित्सकों को एक विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, अनुशासन और आधुनिक तकनीकी क्षमता के संदर्भ में जानकारी देकर सभी को प्रेरित किया। इस व्याख्यान को छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया द्वारा भी संबोधित किया गया। इसमें चिकित्सकों, संकाय सदस्यों, मेडिकल एवं नर्सिंग विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स तथा पूर्व सैनिकों ने भाग लिया और भारतीय सेना के खास सैन्य अभियान की योजना, क्रियान्वयन और महत्व को समझने का अवसर प्राप्त किया। अपने प्रेरक संबोधन में ब्रिगेडियर बावा ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनाई गई रणनीति, नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।



### मजबूत टीमवर्क की जरूरत होती है

उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने चुनौती को स्वीकार करते हुए सूक्ष्म योजना, बेहतर तालमेल, अदम्य साहस और आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए इस अभियान को सफलता से पूरा किया। अपने लंबे सैन्य अनुभव को साझा करते हुए ब्रिगेडियर ने कहा कि आज के समय में युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं, बल्कि इसके लिए सटीक रणनीति, तकनीकी श्रेष्ठता, खुफिया जानकारी और मजबूत टीमवर्क की जरूरत होती है। आगे बताया कि भारतीय सशस्त्र बल देश की संप्रभुता, सुरक्षा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आधुनिक तकनीक, उन्नत हथियार और कठोर प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता को सशक्त बनाया जा रहा है। ब्रिगेडियर बावा ने सैन्य जीवन के प्रेरक अनुभव साझा करते हुए अनुशासन, ईमानदारी, सेवा, समर्पण पर विशेष बल दिया।

### अधिकारी से सीखने का अवसर मिला

ब्रिगेडियर ने मेडिकल एवं नर्सिंग के विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वू अपने प्रोफेशन में इन मूल्यों को अपनाएं। आगे कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में भी समर्पण, टीमवर्क और राष्ट्रसेवा की भावना उतनी ही जरूरी है, जितनी सेना में। इस व्याख्यान में संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य, चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, पूर्व सैनिकों ने भी उत्साह से भाग लिया। यह व्याख्यान भावी स्वास्थ्य सेवा के लिए भारतीय सेना के एक प्रतिष्ठित अधिकारी से सीखने का अनूठा अवसर रहा। इसमें प्रतिभागियों को साहस, समर्पण, टीमवर्क और राष्ट्रसेवा जैसे मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

प्रदेशभर से पहुंचे लोक गायकों व प्रशंसकों ने कहा, पंडवानी कला में सदा अमर रहेंगी तीजन

# पंडवानी गीतों और महाभारत के प्रसंगों से स्वरांजलि पद्मविभूषण तीजन बाई की गायकी को किया याद

महंत घासीदास संग्रहालय परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर पद्मविभूषण तीजन बाई को स्वरांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर पंडवानी कलाकारों ने चोला माटी के हे राम, एखर का भरोसा... गीत को तंबूरे की तान के साज पर लयबद्ध सुर में प्रस्तुत किया। वहीं एकल अभिनय शैली में महाभारत के प्रसंगों को भी जीवंत रूप में मंच में उतारा। बुधवार को दोपहर 2 बजे संस्कृति विभाग द्वारा पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई की श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश भर से लोक कलाकार व प्रशंसक जुटे।



रायपुर। इस सभा में पंडवानी गायिका आराध्या साहू ने महाभारत के प्रसंगों और लोक गीतों की प्रस्तुति देते हुए पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई को स्वरांजलि अर्पित किया। वहीं, दुर्ग-भिलाई से पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा से पंडवानी गायिका पुष्पा निषाद और रायपुर के पंडवानी गायक दुष्यंत द्विवेदी, पंडवानी गायिका तरुणा साहू ने पंडवानी गीतों व प्रसंगों की प्रस्तुति से पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई को उन्हीं के शैली व गीतों से स्वरांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोककला प्रेमी और प्रदेश के लोक कलाकार उपस्थित थे।

### कलाकारों को मिलेगा डॉ. तीजन बाई राज्य अलंकरण सम्मान

श्रद्धांजलि समारोह में संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने घोषणा की कि राज्य सरकार पंडवानी कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कलाकारों को अब हर वर्ष 'डॉ. तीजन बाई राज्य अलंकरण सम्मान' से सम्मानित करेगा। संस्कृति मंत्री ने कहा कि डॉ. तीजन बाई का योगदान केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक धरोहर है और उनकी विरासत को संरक्षित करने प्रतिबद्ध हैं। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने वाली पंडवानी की महान लोक गायिका स्वर्गीय डॉ. तीजन बाई की स्मृति को हमेशा के लिए संजोने की दिशा में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक पहल की है।





### प्रशंसकों और श्रोताओं की दर्शक दीर्घा में उमड़ी भीड़

श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश की प्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री ममता चंद्राकर, लोक कवि मीर अली मीर, लोक कलाकार एवं छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, लोक गायिका कविता वासनिक, लोक कलाकार राकेश तिवारी, छत्तीसगढ़ी राज भाषा के अध्यक्ष प्रभात मिश्र, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित संस्कृति विभाग के सचिव एस भारतीदासन मौजूद रहे।





### डॉ. तीजन बाई की तंबूरा संग्रहालय में होगी संरक्षित

संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने श्रद्धांजलि समारोह में जानकारी दी कि डॉ. तीजन बाई के पैतृक गांव गनियारी को 'कलाग्राम' के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां लोककला, पंडवानी और पारंपरिक संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि यह स्थान कला और संस्कृति का प्रमुख केंद्र बन सके। इसके अलावा, डॉ. तीजन बाई की प्रस्तुतियों का अभिन्न हिस्सा रहा उनका ऐतिहासिक तंबूरा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में संरक्षित किया जाएगा। इसे आम लोगों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे उनकी कला और जीवन यात्रा को नजदीक से जानने का अवसर मिलेगा।

सिटी इवेंट

## भगवान श्री जगन्नाथ प्रभु के धाम में रथों का रंग रोगन, नयन दर्शन पर भजन संध्या और उत्सव



रायपुर। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर देव स्नान के बाद श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा अस्वस्थ हुए। इसके बाद एकांतवास के लिए चले गए हैं। वैद्य द्वारा नाड़ी परीक्षण के बाद बताई गई औषधि अर्पित करने और काढ़े का भोग लगाने की परंपरा निभाई जा रही है। अब आगामी बुधवार को श्री जगन्नाथ प्रभु भक्तों को नयन दर्शन देंगे। इस अवसर को खास बनाने के लिए सदर बाजार, टूरी हटरी, लीली चौक सहित गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में इस साल अनवसर काल और औषधीय भोग का सिलसिला खत्म होने के बाद रथयात्रा से पहले जहां नंदीघोष रथ का रंग-रोगन शुरू हो गया है, वहीं 15 जुलाई को नयन दर्शन की पावन बेला में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए भजन मंडलियों को न्योता देने की परंपरा निभाने और उत्सव मनाने की तैयारी शुरू हो गई है।

### सजाया जा रहा रथ, गूंजेंगे भजन

पं. मोहित पुजारी और पं. तिलक दास ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को सर्दी और बुखार होने की मान्यता है। इससे भगवान को औषधियां और काढ़ा दिया जाता है। स्वास्थ्य लाभ के लिए सेवा की जाती है। इसके साथ आगामी बुधवार को भगवान नयन दर्शन देंगे। इस अवसर पर आसपास की भजन टोलियों को भजन संध्या की प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है। पं. संजय जोशी ने बताया कि नाड़ी परीक्षण के बाद पहले दिन, पांचवे, सातवें और नौवें दिन औषधीय भोग की महत्ता शास्त्रों में बताई गई है। इसके साथ ही नयन दर्शन पर भक्तिभाव से उत्सव मनाने की परंपरा भी निभाई जाएगी, इसके लिए तैयारी की गई है।

### काढ़े के भोग से मिलती है राहत



गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख पुरन्दर मिश्रा ने बताया कि इसके साथ ही शरीर के दर्द से राहत के लिए विशेष औषधीय तेल से मालिश की परंपरा है। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान भगवान को अर्पित किए गए औषधीय काढ़ा प्रसाद रूप में पीने से भक्तों की रोगों से रक्षा होती है। इसके लिए भक्त परिवार भी आते हैं। अब 15 जुलाई को भगवान नयन दर्शन देंगे। इस दिन भजन-कीर्तन का क्रम चलता है। इसमें श्रद्धालु भी उत्सव का हिस्सा बनते हैं। महिलाओं की भजन मंडली को आमंत्रित भी किया गया है। इसके साथ ही भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों की साज-सज्जा का सिलसिला भी जारी है।

# राइफल एसोसिएशन की पहल पर 11 से शूटिंग मीट, शामिल होंगे प्रतिभागी

रायपुर। शहर से सटे माना कैंप में 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य शूटिंग मीट का आयोजन छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन की पहल से होने जा रहा है। 11 जुलाई से यह प्रतियोगिता कैंप के शूटिंग रेंज में शुरू होगी। राज्य शूटिंग मीट में 10 मीटर, 25 मीटर और 50 मीटर राइफल एवं पिस्टल स्पर्धाएं होंगी। इसमें प्रदेशभर के निशानेबाजों के बीच विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता को पहले 8 जुलाई से शुरू किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन क्षेत्र में भारी वर्षा और परिस्थितियों को देखते हुए स्थगित करते हुए नई तारीख तय की गई है। इसके तहत सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित की जा सके।



### चैंपियनशिप को सफल बनाने तय की जिम्मेदारी

इस आयोजन को लेकर हर वर्ग के प्रतिभागियों में उत्साह है। प्रतिभागी निशानेबाजों के लिए इससे पहले एक प्रशिक्षण एवं अभ्यास सत्र आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के तुरंत बाद प्रतियोगिता शुरू होगी। एसोसिएशन ने संशोधित कार्यक्रम के तहत उत्साही प्रतिभागियों की पूर्ण भागीदारी के साथ ही चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी तय की है। इसमें निर्णायकों और समय अवधि की जानकारी भी जिम्मेदारों को आयोजकों द्वारा दी गई है।

# किशोरों को समाज से जोड़ने मंडल ने शुरू की मुहिम


रायपुर। महाराष्ट्र मंडल 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने की मुहिम कई वर्षों से चला रहा है। मंडल ने अब 15 से 18 वर्ष के किशोर को भी जोड़ने का अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य यह है कि कच्ची उम्र में किशोरों को न केवल अच्छे संस्कार मिले, बल्कि सकारात्मक तरीके से समाजसेवा का हिस्सा भी बनें। मंडल के ऐसे आजीवन सभासद, जिनके बच्चे 15 ये 18 साल के हैं, वे मंडल में बच्चों को सभासद बनाने की मानसिकता बनाने लगे हैं। यह जानकारी महाराष्ट्र मंडल में 14 वर्षों से बतौर सचिव कार्यरत चेतन दंडवते ने साझा की। उन्होंने बताया कि जिस उम्र में बच्चों के वैचारिक व मानसिक रूप से भटकने की आशंका हो सकती है, उसी उम्र में उन्हें शिक्षा, संस्कार और खेलकूद से जोड़कर लोगों से उन्हें मिलने-जुलने का अवसर प्रदान कर रहा है।

### नाम, पता और मोबाइल नंबर जुटाया जा रहा

मंडल से जुड़ने पर बच्चों को शिक्षा, रोजगार, खेल, कॅरियर सहित विभिन्न क्षेत्रों में मार्गदर्शन देने के लिए अनुभवी काउंसलर आसानी से मिल जाएंगे। अपने हम उम्र दोस्तों के बीच उठने- बैठने और अपनी दोस्ती का दायरा बढ़ाने का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा ऐसे आजीवन सभासदों के बच्चे जो रायपुर से बाहर पुणे, मुंबई, हैदराबाद, नई दिल्ली, नोयडा में रहते हैं, उनका नाम, पता और मोबाइल नंबर जुटाया जा रहा है। ताकि समय- समय पर न केवल उन्हें महाराष्ट्र मंडल के कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी जा सके, बल्कि विपरीत समय में उनकी मदद की जा सके। मुसीबत में फंसे किसी सभासद या उनकी संतान को सहयोग किया जा सके।

युवाओं में बढ़ा आउटडोर फोटोग्राफी का क्रेज, कैमरे की नजर से हॉबी के साथ प्रकृति को और करीब से निहार रहे

कार्नर न्यूज



# पैशन को प्रोफेशन में बदलने घर से बाहर प्रकृति के विविध स्वरूपों से सीख रहें फोटोग्राफी





रायपुर। स्मार्टफोन आने के बाद से वैसे तो हर कोई जब चाहे फोटोग्राफी कर लेता है, लेकिन एडवांस कैमरे से फोटोग्राफी करना कुछ लोगों का पैशन होता है। ऐसे लोगों की थीम व सब्जेक्ट बेस्ड फोटोग्राफी उनका शौक होती है। अपने इसी शौक को पैशन से प्रोफेशन में बदलने के लिए युवा आउटडोर फोटोग्राफी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। वे प्रोफेशनल फोटोग्राफरों की ट्रेनिंग लेकर प्रकृति के अलग-अलग स्वरूपों की तस्वीरें कैमरे में उतार रहे हैं। आउटडोर फोटोग्रॉफी में खासकर नेचर फोटोग्राफी युवाओं को प्रकृति के और करीब लाने का एक शानदार तरीका है। इससे न केवल उनकी रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि वे प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्मान भी सीखते हैं। वहीं, आउटडोर फोटोग्राफी युवाओं को घर से बाहर निकलने और प्रकृति का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसी बहाने वे विभिन्न प्रकार के पौधों, जानवरों और परिदृश्यों को करीब से देख पाते हैं। आउटडोर फोटोग्राफी एक रचनात्मक गतिविधि है, जो युवाओं को अपनी कलात्मकता दिखाने का अवसर देती है। वे विभिन्न कोणों, प्रकाश व्यवस्था और रचनाओं के साथ प्रयोग कर पाते हैं। वे विवरणों पर ध्यान देना सीखते हैं, जैसे कि पौधों की बनावट, पक्षियों की चहचहाहट या सूर्यास्त का रंग। प्रकृति में समय बिताना और फोटोग्राफी करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। यह तनाव को कम करने, एकाग्रता में सुधार करने और खुशी की भावना को बढ़ावा देने में मदद करता है। आउटडोर फोटोग्राफी युवा समूहों में ट्रेंड कर रही है। इसमें वे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकते हैं और एक-दूसरे से सीख सकते हैं। ऐसे ही कुछ आउटडोर फोटोग्राफी करने वाले यूथ से हरिभूमि की टीम ने बातचीत की।

### खेतों, पेड़-पौधों से सीख रहे फोटोग्राफी

शहर के धनजीत गिलहरे को आउटडोर फोटोग्राफी का बेहद शौक है। वे अपनी फोटोग्राफी के पैशन के बारे में बताते हैं कि उन्होंने पहली बार जब 11वीं की कक्षा में पढ़ाई कर रहा था, तब कैमरा हाथ में पकड़ा। मेरे कैमरे की पहली क्लिक से जो तस्वीर उतारी, वह आसपास के खेतों और पेड़, पौधों की थी। आज मैं ग्रेजुएशन कर रहा हूं और स्टडी टाइम से जब भी फ्री होता हूं, नेचर की तस्वीरें उतारने कैमरे लेकर घर से कुछ दूर बाहर नदी, तालाब, खेत खलिहानों व पेड़-पौधों की ओर निकल पड़ता हूं। इससे मेरी फोटोग्रफी स्किल में काफी इंप्रूवमेंट और रचनात्मकता बढ़ी है। इस तरह मैं कहूंगा कि बेहतर फोटाग्राफी की शुरुआत नेचर से ही होती है। आगे मैं प्रोफेशनल फोटोग्राफी में अपना कॅरियर व पहचान बनाने बेहतर प्रयास कर रहा हूं।

### जंगल, पहाड़, पक्षियों की तस्वीरें खींचना पसंद

राजधानी में ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे आशीष पटेल का कहना है कि उन्हें प्रकृति के विविध रूपों, खासकर जंगल, पहाड़, और पक्षियों की मौसम के अनुरूप कैमरे से तस्वीरें उतारना पसंद है। मेरा होमटाउन मुख्यतः धमतरी जिले का नगरी-सिहावा है। वहां घर से बाहर निकलते ही चारों ओर जंगल, पहाड़, पक्षियों का कलरव आदि जीवंत दृश्य दिखाई देते हैं। मैंने इनकी ही तस्वीरें अलग-अलग एंगल से क्लिक करके फोटोग्राफी की समझ विकसित की है। मैं आउटडोर नेचर फोटोग्राफी के साथ-साथ समय-समय पर प्रोफेशनल फोटोशूट का काम भी करता हूं। फोटोग्राफी मेरे लिए पैशन व कॅरियर दोनों है।

बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में भागवताचार्य श्री देवकीनंदन ठाकुर से कथा सुनने उमड़े श्रोता

# सिर पर कलश लेकर निकलीं 21 सौ महिलाएं महाराज ने कहा- कथा में 'नो तिलक-नो एंट्री'

'सनातन धर्मानुरागियों का बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में उत्साह देखने लायक था। इससे पहले सुबह 10 बजे पुरानी बस्ती स्थित मां महामाया मंदिर से बुधवार को पीले परिधान में सिर पर कलश धारण करके 21 सौ महिलाएं कतार में निकलीं तो पूरा वातावरण भक्ति से सराबोर हो गया। भागवताचार्य श्री देवकीनंदन ठाकुर, सिर पर श्रीमद् भागवत पुराण लेकर योगेश अग्रवाल और उनके पीछे श्रद्धालुओं का सैलाब चल रहा था। लाखेनगर, कंकालीपारा से होते हुए भक्त परिवार दोपहर 12 बजे कथा स्थल में पहुंचे। जहां महाराज ने व्यासपीठ से कहा कि कथा सुनने का एक नियम है। इसमें माथे पर तिलक लगाना जरूरी है। लिहाजा, जो श्रोता तिलक लगाकर नहीं आएंगे, उनकी कथा में नो एंट्री है।'

**रायपुर।** कथा में 'नो तिलक-नो एंट्री' का नियम बताते हुए भागवताचार्य देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि बिना तिलक लगाए कोई पूजा भगवान स्वीकार नहीं करते हैं। महाराज ने सभी भक्तों से भावपूर्ण अनुरोध किया कि जो भी भक्त कथा श्रवण करने पधारें, वे सिर पर तिलक लगाकर ही आएं, ताकि कोई विधर्मी कथा में प्रवेश न कर सकें। तिलक को भारतीय परंपरा में भक्ति और पवित्रता के साथ ही ईश्वर के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है। इसलिए, कथा में सभी श्रद्धालुओं को तिलक लगाने पर ही प्रवेश दिया गया। इससे संपूर्ण पंडाल एक दिव्य और सनातनी स्वरूप में परिवर्तित हुआ। महाराज ने कहा,





### भक्ति, सम्मान और अनुशासन को स्थान दें



बच्चों को संस्कार हमारे आचरण से प्राप्त होते हैं। यदि हम स्वयं धर्म, संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का पालन करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ी उन संस्कारों को अपनाएगी। बच्चे अपने माता-पिता और परिवार को देखकर सीखते हैं, इसलिए हमें अपने जीवन में सदाचार, भक्ति, सम्मान और अनुशासन को स्थान देना चाहिए। घर में भगवान का स्मरण, पूजा, बड़ों का सम्मान और सनातन परंपराओं का पालन होगा तो बच्चे भी स्वाभाविक रूप से उन्हीं मूल्यों को ग्रहण करेंगे। यदि हम स्वयं संस्कारों की उपेक्षा करेंगे तो बच्चों से उनके पालन की अपेक्षा करना व्यर्थ है।

कलयुग में लोगों का कल्याण श्रीमद् भागवत से ही होगा। कलयुग में मनुष्य कई प्रकार की मोह-माया और अशांति से घिरा है। ऐसे समय में भागवत कथा ही वह दिव्य साधन है, जो मनुष्य के जीवन को सही दिशा प्रदान कर सकता है।

### इनकी उपस्थिति में कथा का आगाज

इससे पहले पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति से किया गया। कथा संयोजक योगेश अग्रवाल ने बताया कि दीप प्रज्वलन करके कथा का आगाज संजय अग्रवाल (अध्यक्ष योग आयोग), ममता साहू (अध्यक्ष महिला आयोग), शालिनी राजपूत (अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास आयोग), कृतिका जैन (जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा) द्वारा किया गया। इसके बाद व्यासपीठ से महाराज ने बताया कि 14 जुलाई तक कथा का समय दोपहर को 3.30 बजे से तय है। महाराज ने पहले दिन की कथा में आगे कहा कि आज बहुत से लोग मंगलवार के दिन मांस, शराब का सेवन नहीं करते, लेकिन सप्ताह के बाकी दिनों में बिना किसी संकोच के वही सब करते हैं।



### बुरी आदतों से दूर रहने का प्रयास करें

भगवान ने कहीं पर यह नहीं कहा कि केवल मंगलवार को ही सात्विक बनो और शेष दिनों में मनमानी करो। सच्ची भक्ति का अर्थ है कि विचार, वाणी और आचरण हर दिन पवित्र रहें। अगर हम भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हैं तो विशेष दिनों पर नहीं, बल्कि हर दिन नशे, हिंसा और बुरी आदतों से दूर रहने का प्रयास करना चाहिए। अगर हमें निस्वार्थ सेवा का आदर्श सीखना है तो वह हमें श्री हनुमानजी से सीखना चाहिए। हनुमानजी ने कभी सेवा के बदले सम्मान, पद या पुरस्कार की इच्छा नहीं की। उनका एकमात्र उद्देश्य था भगवान श्रीराम की आज्ञा का पालन और उनकी प्रसन्नता। आज लोग सेवा तो करते हैं, लेकिन कई बार उसके बदले प्रशंसा, सम्मान या प्रसिद्धि की अपेक्षा रखते हैं।

---

**धर्म लाइव**

## जैन मुनि संघ का भव्य मंगल प्रवेश गुरुवर के जयकारों से गूंज उठा शंकरनगर

**रायपुर।** राजधानी के जैन समाज के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और अत्यंत सौभाग्यशाली रहा। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि पुंगव 108 आगम सागर महाराज, मुनि 108 पुनीत सागर महाराज, धैर्य सागर एवं स्वागत सागर महाराज ससंघ का फाफाडीह दिगंबर जैन मंदिर से विहार कर चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर की धरा पर मंगल प्रवेश हुआ। मंगल प्रवेश के दौरान शंकर नगर दिगंबर जैन समाज में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सकल दिगंबर जैन समाज, रायपुर एवं दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, मालवीय रोड मालवीय रोड, शंकर नगर



मंदिर प्रबंधन ने समस्त राजधानी वासियों से आत्मीय अपील की है कि इस पावन वर्षा योग-मंगल आगमन के दौरान प्रतिदिन मंदिर पहुंचकर गुरु दर्शन, अमृत प्रवचन, वैयावृत्ति और आहार चर्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा अधिक से अधिक चौके लगाकर अपने जैनत्व व जीवन को सार्थक बनाएं। मंदिर के अध्यक्ष संजय नायक जैन ने बताया कि बुधवार को मुनि संघ के शंकर नगर आगमन पर समूचा जैन समाज भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

## सीजी रेनफॉल ऐप और जीआईएस चैटबोट बनाकर वर्षा के आंकड़ों व भौगोलिक सूचना को किया सरल

**रायपुर।** ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के विद्यार्थियों ने कमाल की एआई-आधारित परियोजनाएं विकसित की हैं। सीएम-आईटी फेलोशिप के अंतर्गत एमटेक डाटा साइंस एंड एआई कार्यक्रम में प्रवेशित छात्र-छात्राएं राज्य शासन के विभिन्न विभागों के साथ मिलकर नवाचार कर रहे हैं। एमटेक डाटा साइंस एंड एआई के प्रथम बैच के स्टूडेंट्स द्वारा प्रमुख नवाचारों में सीजी रेनफॉल ऐप एवं जीआईएस चैटबोट शामिल हैं। ये क्रमशः वर्षा के आंकड़ों का डिजिटल संकलन करते हैं एवं प्राकृतिक भाषा में भौगोलिक जानकारी प्रदान करते हैं। वहीं, बिल्डएनएक्सटी-एमएमएवॉय आवास योजनाओं में निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं की एआई आधारित स्वचालित पहचान करता है। इसके साथ ही बिल्डएनएक्सटी-सीजीस्टेट शासकीय अधिसूचनाओं, आदेशों एवं योजनाओं पर आधारित बुद्धिमान चैटबॉट के रूप में नागरिकों को त्वरित जानकारी उपलब्ध करा रहा है। ई-डिस्ट्रीक्ट एआई मॉड्यूल्स से दस्तावेज़ सत्यापन, आवेदन परीक्षण, कार्यप्रवाह एवं नागरिक सेवाओं को अधिक स्मार्ट एवं सरल बनाया जा रहा है। आधार पोर्टल के लिए किट एवं ऑपरेटर पंजीकरण प्रक्रिया का स्वचालन, आरटीआइ चैटबोट पूर्व निर्णयों एवं न्यायिक संदर्भों के आधार पर सूचना के अधिकार के उत्तरों का प्रारूप तैयार करने में सहायता कर रहा है। स्टेट डाटा सेंटर डेशबोर्ड शासकीय वेबसाइटों की सतत निगरानी कर तकनीकी एवं साइबर सुरक्षा संबंधी समस्याओं की त्वरित सूचना उपलब्ध करा रहा है। ई-प्रोक्यूरमेंट चैटबोट निविदा प्रक्रिया से संबंधित प्रश्नों के उत्तर एआई के माध्यम से उपलब्ध कराता है।



ट्रिपल आईटी के सीएम-आईटी फेलोशिप एमटेक डाटा साइंस एंड एआई के स्टूडेंट्स का कमाल

### प्रवेश की अंतिम तिथि 13 जुलाई तक बढ़ी

ट्रिपल आईटी नया रायपुर के एमटेक डाटा साइंस एंड एआई कार्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि अब 13 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सूचना प्रौद्योगिकी फेलोशिप योजना के अंतर्गत संचालित एमटेक डाटा साइंस एंड एआई कार्यक्रम का प्रथम बैच राज्य के विभिन्न शासकीय विभागों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समाधान विकसित कर उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। इन परियोजनाओं की सफलता एवं उपयोगिता को देखते हुए ट्रिपल आईटी ने आगामी सत्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 13 जुलाई तक बढ़ा दी है।

### सीएम-आईटी फेलोशिप में 50,000 प्रतिमाह

यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी, ट्रिपल आईटी नया रायपुर तथा राज्य शासन के विभिन्न विभागों के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के युवाओं को डाटा साइंस एंड एआई एवं डिजिटल गवर्मेंस के क्षेत्र में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उन्हें शासन की वास्तविक परियोजनाओं से जोड़ना है। चयनित विद्यार्थियों को दोनों वर्षों के लिए 50,000 प्रतिमाह फेलोशिप, 2 लाख तक की ट्यूशन फीस, तथा लैपटॉप/डेस्कटॉप एवं आवश्यक सॉफ्टवेयर की सुविधा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान की जाती है।

## अग्रजनों ने सीएम को दिया अग्रोहा आने का आमंत्रण



**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ इकाई ने शपथ ग्रहण के बाद धर्मस्य मंत्री राजेश अग्रवाल और राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल के नेतृत्व में बुधवार को सीएम विष्णु साय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नत्थुराम जैन, राष्ट्रीय संरक्षक विनीत लोहिया, अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन सोहनलाल जिंदल, प्रदेश प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल और प्रदेश महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल शामिल थे। इस अवसर पर महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल ने अग्रवाल सम्मेलन द्वारा प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर किए जाने वाले कार्यों और चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी दी।

### राज्य में एक अनूठी व्यवस्था लागू की

*मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने सम्मेलन के आग्रह पर अग्रोहा आने का भरोसा पदाधिकारियों को दिलाया। इसके साथ ही सीएम को स्वामी अग्रसेन महाराज के बारे में बताया गया कि अग्रसेन महाराज अग्रोहा के ऐतिहासिक और समृद्ध राज्य के राजा थे, जिन्हें अग्रवाल व वैश्य समाज आदि पुरुष मानता है। अग्रसेन महाराज ने राज्य में एक अनूठी व्यवस्था लागू की थी। इसके तहत राज्य में बाहर से आने और बसने वाले परिवार को वहां के प्रत्येक निवासी द्वारा एक ईंट और एक रुपया दिया जाता था, ताकि वह बिना किसी भेदभाव के अपना व्यापार स्थापित कर सके। चर्चा के बाद अग्रवाल समाज द्वारा किए जाने वाले कार्यों को सीएम साय ने सराहा।*

**सिटी लाइव**

## आईआईएम स्टूडेंट चैप्टर युवा इंजीनियरों और उद्योग-शिक्षा को देगा नया आयाम



**रायपुर।** एनआईटी रायपुर में 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स' (आईआईएम) के स्टूडेंट चैप्टर की शुरुआत की गई। बुधवार को संस्थान के मेटलर्जी एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स' के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), हैदराबाद के निदेशक प्रो. बी.एस. मूर्ति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह स्टूडेंट चैप्टर एनआईटी रायपुर तथा ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के विद्यार्थियों के संयुक्त हित में स्थापित किया गया है। यह पहल धातुकर्म एवं संबद्ध विषयों के विद्यार्थियों में व्यावसायिक उत्कृष्टता, उद्योग-शिक्षा सहयोग तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य अतिथि प्रो. मूर्ति ने बताया कि विद्यार्थियों को देश की अग्रणी औद्योगिक इकाइयों के अध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद करने, राष्ट्रीय परिषदों में भागीदारी करने तथा विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार, सहयोगात्मक अनुसंधान और उद्यमिता को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि विचारों की स्वतंत्रता और उद्योगों के सशक्त सहयोग से ही तकनीकी प्रगति और परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम में एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति प्रो. आरडी पाटीदार, डीन डॉ. मनोज कुमार चोपकर विभागाध्यक्ष मेटलर्जी एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग, डॉ. सुभाष गांगुली एसोसिएट प्रोफेसर मेटलर्जी एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग, डॉ. मानवेंद्र कुमार त्रिपाठी सहित विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्र उपस्थित रहे।

डुमरतराई बाजार परिसर में अब स्थापित होगी लौह पुरुष की 15 फीट ऊंची प्रतिमा

## थोक बाजार फेस-2 का नामकरण, अब सरदार पटेल के नाम से मिलेगी पहचान

**कार्नर न्यूज**



**रायपुर।** शहर से सटे डुमरतराई में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा विकसित किए गए नवीन थोक बाजार फेस-2 का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। जहां सीएम विष्णु देव साय ने घोषणा किया कि परिसर का नामकरण लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर किया जाएगा। थोक मार्केट को नाम के अनुरुप पहचान देने के लिए स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की तर्ज पर उनकी 15 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की मजबूत नींव रखी। उनके नाम पर इस आधुनिक व्यापारिक परिसर का नाम होने से राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान के प्रति हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है।




### 36 एकड़ में विकसित किया परिसर

नए कलेवर में थोक बाजार को डेवलप करने से नई पहचान मिलेगी। व्यापार और रोजगार एक-दूसरे के पूरक हैं। जहां आधुनिक व्यापारिक संरचना भी विकसित होगी। साथ में आने वाले दिनों में आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। नए निवेशक आकर्षित होंगे, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के पास 36 एकड़ में विकसित इस अत्याधुनिक परिसर में चौड़ी सड़कें, पर्याप्त पार्किंग, सुव्यवस्थित यातायात और आधुनिक व्यापारिक सुविधा हैं। यह व्यापारियों की जरूरत को पूरा करने वाली वर्षों पुरानी परियोजना है।

### दुकानें और हॉल निर्मित किए गए

सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ 'ईज ऑफ लिविंग' को भी समान महत्व दे रही है। व्यापार, उद्योग और निवेश का वातावरण तैयार करने के लिए कई सुधार किए गए हैं। जिनका सकारात्मक प्रभाव प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर दिखाई दे रहा है। थोक बाजार का विकास दो चरणों में किया है। प्रथम चरण में 76 करोड़ की लागत से 536 व्यावसायिक दुकानें एवं हॉल निर्मित किए गए। द्वितीय चरण में 145 करोड़ की लागत से 154 स्वतंत्र व्यावसायिक दुकानों का निर्माण किया गया है।

### व्यापार, रोजगार, निवेश को बढ़ावा

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा ने कहा कि नवीन थोक बाजार मंडल की गुणवत्ता, नवाचार और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह परियोजना प्रदेश में व्यापार, निवेश, रोजगार सृजन तथा समग्र आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

# पुल पर चढ़ा पानी तो रेलवे अफसरों के मोबाइल पर अलर्ट का मैसेज, सेंसर तकनीक से हो रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जलस्तर बढ़ने और रेलवे पुल तक पहुंचने से पहले अफसरों के मोबाइल पर अलर्ट मैसेज आएगा। रेनी सीजन के दौरान नदियों के जलस्तर की सतत एवं सटीक निगरानी सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने आधुनिक वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम को अपनाया है। सेंसर आधारित यह अत्याधुनिक प्रणाली दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 12 महत्वपूर्ण रेलवे पुलों पर लगाई गई है। इस प्रणाली से 24 घंटे रियल-टाइम में जलस्तर की निगरानी की जा रही है।

पूर्व में नदियों के जलस्तर का आकलन पारंपरिक मीटर गेज प्रणाली के माध्यम से किया जाता था, जिसमें मैनुअल रीडिंग लेने के कारण सूचना प्राप्त होने में विलंब तथा त्रुटि की संभावना बनी रहती थी। अचानक जलस्तर बढ़ने की स्थिति में समय पर जानकारी उपलब्ध न होने से रेलवे ट्रैक एवं पुलों की संरक्षा का त्वरित आकलन करना चुनौतीपूर्ण होता था। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने आधुनिक वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम स्थापित किया है। यह प्रणाली सेंसर आधारित तकनीक के माध्यम से पुलों पर लगे जलस्तर संकेतकों की निरंतर निगरानी करती है तथा ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से एकीकृत रहती है। जैसे ही नदी का जलस्तर पूर्व निर्धारित चेतावनी अथवा खतरे के स्तर तक पहुँचता है अथवा उसमें महत्वपूर्ण परिवर्तन होता है, सिस्टम स्वतः संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं के मोबाइल फोन पर तत्काल एसएमएस अलर्ट भेज देता है। इससे आवश्यक सुरक्षा उपाय समय रहते लागू किए जा सकते हैं तथा रेल परिचालन को संरक्षित बनाए रखने में सहायता मिलती है।

## रेलवे पुलों पर जलस्तर की चौबीस घंटे रियल टाइम निगरानी



### आवश्यक कार्रवाई करने होती है सुविधा

इस प्रणाली में संबंधित सहायक मंडल अभियंता, रेल पथ निरीक्षक सहित अन्य अधिकृत अधिकारियों के मोबाइल नंबर पंजीकृत रहते हैं। परिणामस्वरूप जलस्तर में होने वाले प्रत्येक महत्वपूर्ण परिवर्तन की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों तक पहुंच जाती है, जिससे त्वरित निर्णय लेने और आवश्यक कार्रवाई करने में सुविधा होती है।

## गाड़ियों से पेट्रोल में 20 प्रतिशत से अधिक निकल रहा है पानी

# टंकी में लीकेज से घुसा पानी, इससे पेट्रोल में मिला एथनॉल भी घुलकर बना पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव स्थित जय जवान पेट्रोल पंप में पानी मिला पेट्रोल की बिक्री की शिकायतों के बाद क्षेत्रीय इंडियन ऑयल कंपनी इसकी जांच कर रही है। सूत्रों से पता चला है कि प्रारंभिक जांच में पंप के पेट्रोल टंकी में लीकेज होना बताया गया है। इस लीकेज के कारण टंकी में जमीन के अंदर का पानी घुसा है, जिसके कारण पानी मिक्स पेट्रोल नोजल से निकल रहा है और इसी पानी मिले पेट्रोल के कारण लोगों की गाड़ियां बिगड़ रही हैं। ग्राहकों की शिकायत के अनुसार पेट्रोल में लगभग 20 से 30 प्रतिशत पानी मिला होने का आरोप लगाया गया था। इसे देखते हुए यह भी संभावना जताई जा रही है कि पानी के पेट्रोल में मिलते ही उसमें पहले से मौजूद 20 प्रतिशत एथनॉल भी पानी के संपर्क में आने से घुलकर वह भी पानी बन गया है। यही कारण है कि ग्राहकों की गाड़ियों से पेट्रोल में 20 प्रतिशत से अधिक पानी निकल रहा है। इधर खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि संबंधित ऑयल कंपनी के अधिकारियों द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। हालांकि प्रारंभिक जांच में यह जरूर पता चला है कि टंकी में लीकेज के कारण पानी मिला पेट्रोल पंप से निकल रहा था।

■ जयजवान पेट्रोल पंप में पानी मिला पेट्रोल मिलने की शिकायत की प्रारंभिक जांच में पता चला



### टंकी लीकेज की मरम्मत होने तक पंप बंद

पेट्रोल पंप से पानी मिला पेट्रोल की बिक्री होने के बाद ग्राहकों द्वारा किए गए हंगामे के बाद ऑयल कंपनी के अधिकारियों ने पंप को बंद करा दिया था। इस दौरान इसकी प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि पंप में पेट्रोल स्टोर करने वाली टंकी कहीं से लीकेज है, जिसके जरिए जमीन के अंदर का पानी टंकी में प्रवेश कर रहा है। हालांकि इसे चेक करने के लिए टंकी को पहले पूरी तरह से खाली कराना होगा। इसके बाद ही टंकी में लीकेज कहां है, इसका पता लगाकर उसकी मरम्मत की जाएगी।

### समझें कैसे पानी बन जाता है एथनॉल

रासायनिक भाषा में समझें तो एथनॉल पानी में घुल जाता है। एथनॉल सी2एच5ओएच है, जिसमें एक ओएच ग्रुप होता है। पानी एच2ओ है। इसमें भी ओएच ग्रुप है। इस वजह से एथनॉल और पानी के अणु आपस में हाइड्रोजन बंध बना लेते हैं, जिससे एथनॉल पानी में हर अनुपात में घुल जाता है।

### लोहे की टंकियां सड़ने लगती हैं

विदेशों की तरह हमारे देश में अभी भी आधुनिक पेट्रोल-डीजल की टंकियां नहीं हैं। इसके कारण कुछ सालों में ही लोहे की टंकियां सड़ने लगती हैं, जिससे लीकेज की समस्या आती है। चेक और सुधार करने का काम कंपनी करती है। पंप संचालक को लीकेज का पता नहीं चल पाता, जिसकी वजह से पानी मिला पेट्रोल पंप से निकलता है।

*- अखिल धकड़, अध्यक्ष, पेट्रोल पंप एसोसिएशन*

### सर्विस सेंटर में पानी मिला पेट्रोल निकालने लगी भीड़

इधर पंप से पानी मिला पेट्रोल वाहन में डलवाने वाले लोग अब अपनी बिगड़े वाहन को ठीक कराने के लिए ऑटो सर्विस सेंटर पहुंच रहे हैं। सर्विस सेंटर में वाहन से पूरा पेट्रोल निकालकर उसकी सफाई की जा रही है। इसके बाद पेट्रोल भराने के बाद ही उनके वाहन स्टॉर्ट हो रहे हैं। तेलीबांधा, कटोरा तालाब, न्यू राजेंद्रनगर स्थित सर्विस सेंटर में कार्य करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि पिछले सप्ताहभर से कई गाड़ियां ऐसी आई हैं, जिनकी पेट्रोल टंकी में पानी मिला पेट्रोल निकाला गया है। पानी मिले पेट्रोल के कारण गाड़ी स्टॉर्ट नहीं होती।

# राजस्व विभाग में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों का हुआ सम्मान

## महात्मा गांधी सदन में राजस्व सम्मान समारोह

■ सभापति सूर्यकांत राठौर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने कर्मचारियों का बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर और निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने राजस्व विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों की हौसला अफजाई करते हुए महात्मा गांधी सदन के सभागार में सम्मान किया। राजस्व सम्मान समारोह में विभाग अध्यक्ष अवतार सिंह बागल, अपर आयुक्त, उपायुक्त और वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इससे पहल राजस्व विभाग की उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। राजस्व विभाग की उपलब्धियों पर रंजीत रंजन ने विस्तार से प्रस्तुति दी। जिसमें यह बताया गया कि रायपुर नगर निगम ने जीआईएस आधारित ऑनलाइन संपत्तिकर प्रणाली को लागू किया, डोन आधारित जीआईएस सर्वेक्षण के माध्यम से पूरे शहर का वैज्ञानिक मानचित्रण किया गया। प्रत्येक संपत्ति की यूनिक आईडी दी गई, करीबन 2.80 लाख डिजिटल डोर नंबर लगाए गए। इसके साथ ही क्यूआर आधारित ऑनलाइन भुगतान, यूपीआई, नेटबैंकिंग, आरटीजीएस, एनईएफटी, बीबीपीएस, मोर रायपुर मोबाइल एप और 24 घंटे सात दिन ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को सरल, पारदर्शी डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रस्तुति में यह भी बताया गया कि ऑनलाइन कर निर्धारण की प्रक्रिया 48 घंटे से घटकर करीबन 2 मिनट तथा कर चक्र 60 दिनों से घटकर एक दिन तक पहुंच गया है।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जोन की श्रेणी में जोन पांच अव्वल, जोन 6 दूसरे नंबर पर

समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जोन की श्रेणी प्रथम स्थान पर जोन 5 खीरसागर नायक एवं उनकी राजस्व टीम रही, दूसरे स्थान पर जोन 6 हितेंद्र यादव और उनकी राजस्व टीम तथा तीसरे स्थान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जोन 1 अंशुल शर्मा और उनके राजस्व टीम को यह सम्मान मिला। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ एआरओ टीम, आरआई, आरएसआई, एआरआई, प्रत्येक जोन उत्कृष्ट एआरआई, बाजार विभाग की टीम, आईटी टीम,जीआईएस टीम, बैंकिंग सहयोगी संस्थाओं तथा अन्य उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# व्यापार एवं उद्योग निवेश को प्रोत्साहित करने के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में व्यापार, उद्योग एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मंत्रिपरिषद के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

■ कैट छत्तीसगढ़ ने मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद का जताया आभार

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए ये निर्णय छत्तीसगढ़ को व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाले सिद्ध होंगे। व्यापारिक प्रक्रियाओं के सरलीकरण, निवेश प्रोत्साहन तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से जुड़े सुधारों से प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को गति मिलेगी, निवेशकों का विश्वास सुदृढ़ होगा। साथ ही व्यापार करने में सुगमता बढ़ेगी तथा प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। कैट छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष परमानंद जैन ने कहा कि मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय व्यापारिक समुदाय द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही अनेक महत्वपूर्ण मांगों को पूरा करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। इन विषयों को कैट छत्तीसगढ़ द्वारा समय-समय पर विभिन्न बैठकों, ज्ञापनों एवं शासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाता रहा है। राज्य सरकार द्वारा इन सुझावों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाना व्यापारिक समुदाय के लिए अत्यंत उत्साहजनक है।

### कैट ने निर्णय को बताया इस तरह लाभकारी

- सरकार द्वारा व्यावसायिक कर अधिकरण को समाप्त कर अपील संबंधी मामलों के निस्तारण को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने का निर्णय व्यापारिक समुदाय की वर्षों पुरानी मांग थी। इससे लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण में सहायता मिलेगी। इसके साथ हीव्यापारियों को अनावश्यक प्रक्रियात्मक जटिलताओं से राहत प्राप्त होगी, अपील व्यवस्था अधिक स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित होगी।
- माल एवं सेवा कर कानून में संशोधन कर कर व्यवस्था को सरल, पारदर्शी एवं व्यापार-अनुकूल बनाने से निर्यातकों एवं इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से प्रभावित उद्योगों के लिए रिफंड प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के निर्णय से व्यापार करने में सुगमता बढ़ेगी।
- उद्योग स्थापित करने की स्वीकृति प्रक्रिया अधिक सरल, डिजिटल एवं समयबद्ध होगी।
- सेल्फ सर्टिफिकेशन, थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन तथा रिस्क बेस्ड इंस्पेक्शन जैसी व्यवस्थाओं से अनावश्यक विभागीय प्रक्रियाएं एवं निरीक्षण कम होंगे।
- निवेश को बढ़ावा मिलने से प्रदेश में नए सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्योगों की स्थापना को गति मिलेगी।
- नए उद्योग स्थापित होने से स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

# सीएम हेल्प लाइन में निगम से संबंधित अब तक 1400 से ज्यादा शिकायतें

■ 1177 का समय सीमा में निराकरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के 70 वार्ड से सफाई, पानी, प्रधानमंत्री आवास और स्ट्रीट लाइट सहित अन्य शिकायतों से जुड़े 1400 से ज्यादा कॉल सीएम हेल्प लाइन में प्राप्त हुए हैं। इनमें से अब तक 1177 का निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया गया है।


सीएम हेल्प लाइन में कॉल करने वाले कॉलर की शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग को 7 दिन की समय सीमा तय है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आम जनता की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए शुरू किए गए सीएम हेल्प लाइन को आम जनता का बेहतर रिस्पांस मिल रहा है। सूत्रों के मुताबिक रायपुर नगर निगम के संबंधित सबसे ज्यादा कॉल सफाई व्यवस्था को लेकर प्राप्त हुई है। सफाई के लिए 10 अलग-अलग श्रेणी में लोग सीएम हेल्प लाइन पर कॉल कर सीधे अपनी परेशानी बता रहे हैं। इसी तरह शहर में जलभराव की समस्या को लेकर शहर के अलग-अलग इलाकों से वहां के रहवासी हेल्प लाइन में कॉल कर मदद मांगने आगे आए हैं।

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी जानकारी लेने सीएम हेल्प लाइन पर राजधानी के अलग-अलग इलाकों से लोग कॉल कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सीएम हेल्प लाइन पर नगर निगम से जुड़े प्रमाणपत्र के संबंध में भी अपनी जिज्ञाशा और समस्या को बताने आगे आए हैं।




## फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर पौन करोड़ रुपए की ठगी, राजस्थान से दो अरेस्ट

रायपुर। कारोबारी चाचा-भतीजे से फॉरेक्स ट्रेडिंग का झांसा देकर पौन करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दो ठग को राजेंद्र नगर थाने के साथ क्राइम ब्रांच की टीम ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जालसाजों के अकाउंट में जमा साढ़े 12 लाख रुपए पुलिस ने होल्ड कराया है। कारोबारियों को टेलीग्राम में फर्स्टिफाई ग्रुप में जोड़कर ठगी का शिकार बनाया गया था। आर्या पब्लिकेशन के मालिक बहादुर आर्य की शिकायत पर पुलिस ने राजस्थान, जयपुर निवासी मुकेश कुमार मीणा तथा राजस्थान सीकर निवासी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। ट्रेडिंग कारोबार के बारे में जानकारी जुटाने कारोबारी ने गूगल सर्च किया। इसके बाद उन्हें एक वेबसाइट के माध्यम से टेलीग्राम में फर्स्टिफाई नामक ग्रुप से जोड़ दिया। इसके बाद लगातार संपर्क कर कारोबारी को भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर रकम निवेश कराया। पुलिस ने दोनों जालसाजों को उनके मोबाइल नंबर जिन अकाउंट में रकम ट्रांसफर किए गए थे, उन सब की जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।







## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर जिला क्रिकेट संघ के ट्रायल जारी



**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ के ट्रायल जारी हैं। बुधवार को अंडर 16 के 2 8 9 खिलाडियों ने भाग लिया। रायपुर जिला क्रिकेट संघ ने वर्ष 2027-28 हेतु सभी वर्गों के ट्रायल 07 जुलाई से प्रांरभ कर दिए है। ज्ञातव्य है कि 22 जून से 29 जून तक सभी वर्गो के खिलाडियों का पंजीयन किया गया। इसके बाद वर्गवार खिलाडियों का ट्रायल शुरू हुआ। शुरुआती दो दिन आर डी सी ए इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा रायपुर में अंडर 16 वर्ग के लगभग 289 खिलाडियों का ट्रायल हुआ। ट्रायल 4 स्लॉट में लिया गया। पहला स्लॉट सुबह 8.30 बजे से प्रांरभ हुआ। खिलाडियों को क्रमशः प्रांरभिक बल्लेबाज, मध्यक्रम बल्लेबाज, तेज गेंदबाज तथा स्पिन गेंदबाज वर्ग में विभाजित कर ट्रायल लिया गया। 10-11 जुलाई को अंडर-19 वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल जारी रहेगा, जो 6 स्लॉट में संपन्न होगा।

### राज्य स्तरीय शिविर में सीखा आत्मरक्षा कौशल




**रायपुर।** महासमुंद जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण तथा कुडो संघ द्वारा राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 29 जून से 03 जुलाई तक किया गया। जिसमें 19 जिले के 368 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

इस प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को आत्मरक्षा कौशल, शारीरिक विकास, मानसिक विकास, बालिकाओं की भागीदारी पर जोर दिया गया, खेल कूद, योगा जुम्बा के माध्यम से शारीरिक विकास, स्वास्थ्य एवं फिटनेस जागरूकता नियमित रूप से किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद ने जिलों से आए प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों में मीरा पंडा, संजना मुन्ना, अंजू बरिहा, हिमांशु देवांगन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### राज्य स्तरीय कराते में जीते पदक



**रायपुर।** कराटे एसोसिएशन आफ़ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में 28 एवं 29 जून को सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता ट्रायल का आयोजन किया गया. जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने प्रतिभा का परिचय दिया।

इस प्रतियोगिता में बिलासपुर के सात खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। अपने-अपने वर्ग में पदक प्राप्त कर कोलकाता में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की। जिसमें बालिका वर्ग में 17 वर्ष आयु में इच्छा नेताम कुमिते में गोल्ड व काता मे ब्रॉन्ज मेडल, प्रिया यादव ने कुमिते में रजत पदक काता में ब्रॉन्ज मेडल, वैष्णवी कौशिक ने कुमिते में सिल्वर काता में रजत पदक जीता।

14 वर्ष आयु में भारती कश्यप ने काता में ब्रॉन्ज मेडल, सुप्रिया श्रीवास ने कांस्य पदक, इशिका नेताम ने कुमिते में कांस्य पदक काता कांस्य पदक, सहज वीर सिंह ने कुमिते में कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रशिक्षक ठाकुर कर्ण सिंह एवं शिवानी बुधौलिया ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### रग्बी खिलाड़ियों ने जीता साल का तीसरा खिताब



**रायपुर।** राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता कोरबा के प्रियदर्शनी स्टेडियम मे आयोजित की गई। जिसमे बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के अंडर 18 बालिकाओ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मे महासमुंद की टीम को 15/5 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब जीता।

बालिका टीम में द्रौपति निर्मलकर (कप्तान), गोमती, श्रद्धा, रोशनी, नंदनी, मानसी, भूमिका, सरस्वती , लावण्या, डिंपल, याचना, कुसुम, कोच दुलेश्वरी धीवर, रमजान अली और मैनेजर होमेंश्वरी निर्मलकर शामिल थे।

बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों की सेहत पर पड़ता है असर

# दिनचर्या की इन गलतियों की वजह से बढ़ जाता है आर्थराइटिस का खतरा, बरतें ये सावधानियां

अक्सर कुछ लोगों कम उम्र में ही आर्थराइटिस की शिकायत हो जाती है, इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, इन्हीं में एक प्रमुख कारण है हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें। आइए जानते हैं दिनचर्या की किन गलतियों की से अर्थराइटिस की शिकायत होती है। आर्थराइटिस यानी जोड़ों का दर्द, सूजन और अकड़न, यह एक ऐसी समस्या है जो आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ होती है। लेकिन आजकल युवाओं में भी दिनचर्या की कुछ गलत आदतों की वजह से आर्थराइटिस का जोखिम बढ़ रहा है। हमारा गलत खानपान, गतिहीन जीवनशैली और कुछ अनुचित आदतें सीधे तौर पर आर्थराइटिस के खतरे को बढ़ा देती हैं। ये आदतें हमारे जोड़ों पर अनावश्यक दबाव डालती हैं और उन्हें कमजोर करती हैं।

खासकर, मानसून के मौसम में नमी और बदलते मौसम के कारण जोड़ों का दर्द और भी ज्यादा परेशान करने लगता है। अच्छी बात यह है कि यदि हम समय रहते कुछ सावधानियां बरतें और अपनी दिनचर्या में जरूरी बदलाव लाएं, तो इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए इस लेख में हम उन आम गलतियों और जरूरी सावधानियों के बारे में जानते हैं, जिससे शरीर में आर्थराइटिस का खतरा बढ़ जाता है। सबसे पहले



गलतियों के बारे में जानते हैं।

### गलतियां - गतिहीनता और खराब मुद्रा

दिनचर्या में लंबे समय तक बैठे रहना या गतिहीन जीवनशैली आर्थराइटिस का प्रमुख कारण है। ऑफिस में घंटों गलत मुद्रा में बैठने से जोड़ों और मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे रीढ़, घुटने और कूल्हों में अकड़न बढ़ती है। गलत तरीके से वजन उठाना या बार-बार झुकने से जोड़ों की कार्टिलेज घिस सकती है, जो ऑस्टियोआर्थराइटिस का कारण बनता है। इसके अलावा, व्यायाम की कमी से जोड़ों का लचीलापन कम होता है, जिससे दर्द और सूजन का खतरा बढ़ता है।



### असंतुलित आहार

असंतुलित आहार भी आर्थराइटिस के प्रमुख कारणों में से एक है। विटामिन D, कैल्शियम और ओमेगा-3 की कमी जोड़ों को कमजोर करती है। तला-भुना, प्रोसेस्ड फूड और चीनी युक्त खाद्य पदार्थ रूमेटॉइड आर्थराइटिस को ट्रिगर कर सकता है।

### मोटापा

इसके अलावा मोटापा भी एक बड़ा जोखिम है, क्योंकि अतिरिक्त वजन घुटनों और कूल्हों पर दबाव डालता है, जिससे कार्टिलेज तेजी से घिसता है। इसलिए अपने वजन का संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है।

### सावधानियां - सक्रिय जीवनशैली और व्यायाम


आर्थराइटिस के जोखिम को कम करने के लिए



सक्रिय जीवनशैली अपनाएं। रोजाना 30 मिनट का हल्का व्यायाम, जैसे टहलना, योग, या स्ट्रेचिंग, जोड़ों को लचीला रखता है और मांसपेशियों को मजबूत करता है। स्विमिंग और साइकिलिंग जैसे कम प्रभाव वाले व्यायाम जोड़ों पर दबाव डाले बिना उनकी गतिशीलता बढ़ाते हैं। सही मुद्रा में बैठें और भारी वजन उठाते समय सावधानी बरतें। नियमित रूप से पेल्विक फ्लोर और कोर स्ट्रेंथ एक्सरसाइज करें।

### आहार और चिकित्सीय सलाह

आहार में एंटी-इन्फ्लेमेटरी खाद्य पदार्थ जैसे हल्दी, अदरक, ओमेगा-3 युक्त मछली, नट्स, और हरी सब्जियां शामिल करें। विटामिन डी के लिए धूप लें और कैल्शियम युक्त दूध, दही खाएं। वजन नियंत्रित रखने के लिए संतुलित आहार अपनाएं और प्रोसेस्ड फूड से बचें। अगर जोड़ों में दर्द, सूजन या अकड़न लंबे समय तक बनी रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



## आपकी नजर भी हो गई है धुंधली तो तुरंत करें ये काम

डायबिटीज केवल रेटिना ही नहीं, बल्कि मोतियाबिंद और ग्लूकोमा जैसी आंखों की बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देती है। अच्छी बात यह है कि समय पर ब्लड शुगर नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इन जटिलताओं के जोखिम को काफी कम किया जा सकता है।

डायबिटीज तेजी से बढ़ता हुआ एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट है। रिपोर्ट से पता चलता है दुनियाभर में 20-79 साल की उम्र के 589 मिलियन (58.9 करोड़) से ज्यादा वयस्क इस बीमारी से जूझ रहे हैं। जिस तेजी के साथ डायबिटीज के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है ऐसे में आशंका है कि साल 2050 तक इनकी संख्या 853 मिलियन (85 करोड़ से ज्यादा) हो सकती है।डायबिटीज को अक्सर लोग सिर्फ शुगर बढ़ने की बीमारी मान लेते हैं, लेकिन जोखिम इससे कहीं ज्यादा गंभीर है। लंबे समय तक अनियंत्रित ब्लड शुगर शरीर की छोटी-छोटी रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाती है और इसका सबसे खतरनाक असर आंखों पर पड़ता है। यही कारण है कि दुनिया भर में अंधेपन के प्रमुख कारणों में



डायबिटिक रेटिनोपैथी भी शामिल है।

### आंखों पर डायबिटीज का असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों का ब्लड शुगर अक्सर बढ़ा रहता है उनमें किडनी, हार्ट की समस्याओं का खतरा भी अधिक होता है। डायबिटीज का तंत्रिकाओं पर भी असर होता है इससे आंखों को रक्त का संचार करने वाली नसें भी प्रभावित हो जाती हैं। डायबिटीज के कारण आंखों को होने वाले नुकसान के शुरुआत में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते। व्यक्ति को न दर्द होता है और न ही तुरंत नजर कम होती है। हालांकि समय के साथ ये आंखों की रोशनी को प्रभावित करती जाती है।

### डायबिटिक रेटिनोपैथी की समस्या

हाई ब्लड शुगर रेटिना की सूक्ष्म रक्त वाहिकाओं को कमजोर बना देती है। इससे सूजन, रक्तस्राव का जोखिम हो सकता है, जिससे नजर कमजोर होने लगती है। इसे डायबिटिक रेटिनोपैथी की समस्या कहा जाता है। इसके कारण नजर धुंधली हो जाती है, फ्लोटर्स दिखते हैं और गंभीर मामलों में रोशनी तक जा सकती है। कई लोगों को रात में कम दिखता है, रंगों की पहचान में करने में दिक्कत हो सकती है। ऐसे लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

### डायबिटीज वाले अपनी आंखों को कैसे बचाएं?

डॉक्टर कहते हैं, जिन लोगों को टाइप-2 डायबिटीज है उन्हें आंखों की विस्तृत जांच करानी चाहिए। इसके अलावा एचबीए 1 सी, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने से भी आंखों की रक्त वाहिकाओं पर दबाव कम पड़ता है और रेटिनोपैथी बढ़ने का खतरा घट सकता है। आंखों की दिक्कतों को कम करने के लिए आहार और लाइफस्टाइल को ठीक रखना भी जरूरी है। धूम्रपान छोड़ें, दवाएं समय पर लें, आंखों की नियमित जांच कराएं। इससे आंखों की रोशनी जाने से बचाया जा सकता है।



## बिजनेस में तरक्की के लिए अपनाएं वास्तु उपाय

हमारे घर से लेकर वर्कप्लेस तक के लिए कई ऐसे वास्तु नियमों के बारे में बात की जाती है जो जीवन में आपको उन्नति दिलाने में मदद कर सकते हैं। आइए जानें ऐसी ही कुछ वास्तु की टिप्स के बारे में जो आपके बिजनेस में तरक्की का कारण बन सकते हैं।

वास्तु शास्त्र आपके व्यवसाय में सफलता और वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आइए यहां जानें कुछ ऐसे वास्तु टिप्स जो आपके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं और आपको जल्द ही मुनाफा होने लगेगा-


अगर आप बिजनेस में ग्रोथ के बारे में सोच रही हैं तो आपको बिजनेस की सही दिशा चुननी चाहिए। उत्तर, उत्तर-पूर्व और पूर्व दिशाएं किसी भी व्यवसाय की वृद्धि के लिए शुभ मानी जाती हैं।

अपने वर्कप्लेस को दक्षिण-पश्चिम या दक्षिण-पूर्व में रखने से बचें, क्योंकि ये दिशाएं आर्थिक हानि का कारण बन सकती हैं।

वास्तु के अनुसार वर्कप्लेस पर बैठने के लिए सबसे अच्छी दिशा चुननी जरूरी है। वर्कप्लेस में प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए आपको और बिजनेस से जुड़े उच्च अधिकारियों को उत्तर या पूर्व की ओर मुख करके बैठना चाहिए। सभी एम्प्लोयी को ऐसे बैठना चाहिए कि उनकी पीठ मुख्य द्वार की ओर न हो।

किसी भी ऑफिस या दुकान का मुख्य द्वार आदर्श रूप से उत्तर, उत्तर-पूर्व या पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए।किसी भी रूप में आप दक्षिण-मुखी प्रवेश द्वार से बचें, क्योंकि इससे व्यवसाय में संघर्ष और वित्तीय नुकसान हो सकता है। धन वृद्धि के लिए कैश काउंटर और लॉकर की स्थिति भी वास्तु अनुसार होनी चाहिए। धन को आकर्षित करने के लिए कैश काउंटर हमेशा उत्तर दिशा में होना चाहिए। ऑफिस के लॉकर या तिजोरी को उत्तर की ओर मुंह करके दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए।

अगर वर्कप्लेस पर कोई बीम है तो आपको



उसके ठीक नीचे बैठने से बचना चाहिए। बीम के ठीक नीचे बैठने से मानसिक तनाव बना रहता है। अपनी डेस्क ऐसी होनी चाहिए जिसके सामने खाली दीवार न हो। कैश लॉकर के सामने यदि आप दर्पण रखती हैं तो आपको बिजनेस में लाभ हो सकता है और आपकी समृद्धि बनी रह सकती है। ऑफिस में किसी भी तरह का टूटा शीशा नहीं होना चाहिए। अगर दरवाजे या खिड़की का शीशा टूट जाए तो उसे तुरंत ही बदल देना चाहिए। वर्कप्लेस में सफलता को आकर्षित करने के लिए दीवारों पर नीला, हरा या पीला रंग इस्तेमाल करें। उस जगह पर लाल और काले रंग के अत्यधिक इस्तेमाल से बचें क्योंकि ये जीवन में अस्थिरता ला सकते हैं।

दुकान या ऑफिस का नाम चुनते समय ज्योतिष या अंक ज्योतिष की राय अवश्य लें। ऐसा नाम चुनें जो सकारात्मक अंक ज्योतिष और व्यावसायिक लक्ष्यों के साथ प्रतिध्वनित हो। यही नहीं नाम का उच्चारण और वर्तनी आसान होनी चाहिए।

## रहना चाहते हैं फिट और हेल्दी तो अपनाएं इन्हें



रात का भोजन दिनभर के खानपान का अहम हिस्सा होता है। इसका आपके शरीर पर गहरा असर पड़ता है। रात को सही आहार खाना आपकी सेहत को बनाए रखने और नींद में सुधार लाने में मदद कर सकता है। अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं तो रात के खाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

**सूप:** हरी सब्जियों और दाल से बना सूप शरीर को हल्का रखता है और पर्याप्त पोषण देने का काम करता है। यह पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है और वजन घटाने में सहायक हो सकता है।

**सलाद :** ताजे फल और सब्जियों का सलाद, जैसे खीरा, टमाटर, गाजर, और पत्तेदार साग, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है। सलाद हल्का और पचने में आसान होता है।

**दही :** दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो पाचन तंत्र को सही रखते हैं। आप इसे फल या शहद के साथ खा सकते हैं।

**दलिया:** ओट्स फाइबर और प्रोटीन के लिए एक बेहतरीन सोर्स होते हैं। आप इसे दूध के साथ खा सकते हैं और अपनी पसंद के अनुसार फल डाल सकते हैं।

**अंडे :** अंडे प्रोटीन और अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों का अच्छा स्रोत हैं। आप उबले अंडे या ओमेलेट बना सकते हैं, जो हल्के और स्वादिष्ट होते हैं।

**कद्दू के बीज और नट्स :** कद्दू के बीज और नट्स जिंक, आयरन और मैग्नीशियम का अच्छा स्रोत होते हैं, जो रात में शरीर की रिकवरी में मदद करते हैं। कुछ नट्स जैसे बादाम या अखरोट भी खाने के लिए अच्छे होते हैं।

कार्नर न्यूज

सही तरीके अपनाकर पा सकते हैं आप सुगठित शरीर


# मसल्स वाली बॉडी बनाने की चाहत है तो इन टिप्स को देखिए आजमाकर , जल्द दिखने लगेगा असर

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष चाहते हैं मसल्स वाली बॉडी बनाना। लेकिन कितने पुरुषों को इसका सही तरीका पता है? हो सकता है सबको सही तरीका पता हो, लेकिन इसके साथ किन गलतियों को करने से बचना है, वो न पता हो। जी हां अक्सर पुरुष मसल्स ग्रोथ करने की कोशिश में कुछ गलतियां कर बैठते हैं।

ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।

### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे। दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स



को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है

### भारी वजन के ज्यादा रैप्स

याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें। लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

### रिकवरी है जरूरी

याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं। इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।



### एक ही मोशन की आदत है गलत

आपकी मसल्स को अगर एक ही तरह की एक्सरसाइज कराई जाती रहेगी तो इसको इसकी आदत पड़ जाएगी। इस आदत के चलते मसल्स ग्रोथ कम होने लगेगी। इसलिए जरूरी है कि आप मशीनों में हर कुछ दिन में बदलाव करते रहें। या फिर रैप्स की स्पीड और संख्या में भी बदलाव किए जा सकते हैं।